● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 100, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार , 17 मई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल की सुगबुगाहट 5

टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम 6

## भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को है गर्व : डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री ने शहीदों को श्रध्दांजलि अर्पित कर घोड़े पर सवार होकर तिरंगा यात्रा की शुरूआत की

**भोपाल।** भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरूद्ध ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए शुक्रवार को उज्जैन में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शहीद पार्क से प्रारंभ हुई भव्य तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद पार्क स्थित जय स्तम्भ पर शहीदों को श्रध्दांजली अर्पित कर घोड़े पर सवार होकर तिरंगा यात्रा की शुरूआत की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना ने पाकिस्तान में दाखिल होकर दुश्मनों से बदला लिया। भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस पर संपूर्ण देश को गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया के सामने हमारी सेनाओं ने अदम्य साहस और शौर्य का प्रमाण दिया हैं। हमने एकजुट होकर विश्व को यह संदेश दिया कि दुश्मन कितना ही चालाक क्यों न हो हम अपनी एकता को अक्षुण्ण रखेंगे। राष्ट्रीय एकता सर्वोपरी है, इसे यदि शत्रु ने हानि पहुचाने की कोशिश की तो उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उज्जैन भगवान श्री महाकालेश्वर की नगरी है, यह सम्राट विकमादित्य के पराक्रम की नगरी है। लगभग 2000 हजार साल पहले सम्राट विकमादित्य ने विदेशी आक्रमणकारियों को पराजित कर देश से खदेड दिया था, आज फिर से हमारी सेना ने वही शौर्य और पराक्रम दिखाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्र की वेदी पर अपने चिराग न्योछावर करने वाले शहीदों के परिजनों को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश कि आन, बान और शान है इसकी मर्यादा का सदैव ध्यान रखें। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार तिरंगा यात्राओं के माध्यम से पूरी दुनिया में संदेश जा रहा है कि हम सभी भारतीय एक जुट हो कर समय आने पर देश कि रक्षा के लिए सर्वस्व बलिदान कर सकते है । भव्य तिरंगा यात्रा में शहिदों के परिजन पूर्व सैनिक, राज्यसभा सांसद बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालुहेड़ा, विधायक श्री सतीश मालवीय, महापौर श्री मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सत्यनारयण जटिया, शहरकाजी खली कुर्रहमान, श्री संजय अग्रवाल, श्री रवि सोलंकी, श्री जगदीश पांचाल, श्री मुकेश यादव, श्री अनिल शिंदे, श्री दिनेश जाटवा, श्री कल्याण शिवहरे, श्री सुहास वैद्य, श्री इकबाल सिंह गांधी शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों ने भी बढ़-चढ़ कर सहभागिता की।

## पीएम मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति और सेना की ताकत का प्रतीक

### ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बोले गृह मंत्री अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर जोर दिया। शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेंसियों की सटीक जानकारी और भारतीय सशस्त्र बलों की अचूक मारक क्षमता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की तीनों सेनाओं की सटीक और ताकतवर कार्रवाई का बेहतरीन उदाहरण है। शाह ने यह बात दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में एक नए मल्टी-एजेंसी सेंटर (एमएसी) का उद्घाटन करते हुए कही। एमएसी देश की विभिन्न सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने के लिए बनाया गया है। बता दें कि मल्टी एजेंसी सेंटर की



स्थापना 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के बाद की गई थी, ताकि सभी सुरक्षा एजेंसियों के बीच समय रहते जानकारी साझा की जा सके और आतंकी खतरों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। मामले में गृह मंत्रालय (एमएचए) ने बताया कि यह नया सेंटर खुफिया तंत्र को और अधिक कुशल बनाकर आतंकवाद जैसे खतरों से निपटने में मदद करेगा।

इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि भारत की सुरक्षा व्यवस्था पहले से कहीं अधिक मजबूत हुई है और इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और सुरक्षा बलों की तैयारी को जाता है।

गौरतलब है कि बीते 7 मई को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। यह हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में की गई, जिसके बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा और बीते 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी, लेकिन भारत ने साफ कर दिया कि उसने सिर्फ ऑपरेशन को स्थगित किया है, बंद नहीं। साथ ही भारत ने आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान को चेतावनी दी कि आगे की कार्रवाई पाकिस्तान के व्यवहार पर निर्भर करेगी।

## मंत्री को बर्खास्त करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे कांग्रेस विधायक

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह के विवादित बयान के बाद से ही लगातार उनका विरोध हो रहा है। मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों का प्रतिनिधिमंडल आज राज्यपाल से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने की मांग की। इसके बाद कांग्रेसी विधायक काले कपड़ों में राजभवन के बाहर धरने पर बैठ गए और मंत्री विजय शाह को बर्खास्त करने के नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष उमंग



सिंघार ने कहा कि सरकार कोर्ट से नहीं चलती सरकार को मुख्यमंत्री चलाते हैं। राज भवन के बाहर धरना दे रहे कांग्रेस विधायकों को पुलिस ने जबरन उठा दिया। कई विधायकों के हाथ-पैर पड़कर पुलिस ने बस में भरा और सारे विधायकों को गिरफ्तार कर ले गई। इस दौरान धरने में शामिल प्रदेश के खरगोन जिले की कसरावद विधानसभा से विधायक सचिन यादव ने कहा कि, विजय शाह ने देश को अपमानित करने का काम किया है । उन्होंने बहन-बेटियां, सेना एवं देश की अखंडता को खण्डित करने का जो काम किया है, वो निंदनीय है । इसको लेकर सरकार को तत्काल मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से बाहर करना चाहिए । मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने उनके इस बयान पर स्वतः संज्ञान लिया था। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने डीजीपी को मंत्री शाह पर एफआईआर के निर्देश दिए थे।

## दो ऑपरेशन में छह आतंकी ढेर, कश्मीर में बड़ी साजिश नाकाम

**जम्मू।** कश्मीर में सुरक्षाबलों ने बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। दो ऑपरेशन में छह आतंकियों को मार गिराया है। सभी आतंकी ऊंचाई वाले इलाकों में छिपे थे। सेना और पुलिस की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई है।

हाल के आतंकवाद विरोधी अभियानों पर आईजीपी कश्मीर वीके बिरदी ने कहा पिछले 48 घंटों में, हमने दो बहुत सफल ऑपरेशन किए हैं। ये दो ऑपरेशन केरन और त्राल इलाकों में किए गए, जिसके परिणामस्वरूप कुल छह आतंकवादी मारे गए।

## ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया : राजनाथ

**भुज।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को गुजरात के भुज वायु सेना स्टेशन का दौरा किया। इस एयरबेस को पिछले सप्ताह पाकिस्तानी सेना की ओर से निशाना बनाने की कोशिश की गई थी। हालांकि, उनके नापाक मंसूबों पर भारतीय सशस्त्र बलों ने पानी फेर दिया था। राजनाथ की यह यात्रा जम्मू-कश्मीर की यात्रा, नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के एक दिन बाद हुई। भुज में उन्होंने कहा कि हमारे ब्रह्मोस की ताकत पूरी दुनिया ने देख ली है। पाकिस्तान पर हमारी मिसाइल कहर



बनकर बरसी है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पहलगाम में मारे गए सभी निर्दोष नागरिकों को और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। मैं हमारे घायल सैनिकों के साहस को भी नमन करता हूं और ईश्वर से यह प्रार्थना करता हूं कि वो जल्द से जल्द स्वस्थ हों। हमारे देश की मजबूत भुजा भुज में आप सबके बीच आकर मुझे बड़ा गर्व हो रहा है। यह भुज, 1965 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। यह भुज 1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी रहा है। आज एक बार फिर यह भुज पाकिस्तान के खिलाफ हमारी जीत का साक्षी बना है। इसकी मिट्टी में देशभक्ति की खुशबू है और यहां के जवानों में भारत की सुरक्षा का अडिग संकल्प। मैं आप सभी वायु योद्धाओं समेत, सशस्त्र बलों और बीएसएफ के सभी जांबाजों को सलाम करता हूं।

## वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी।

शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई।

## दुनिया के सामने पाकिस्तान का पर्दाफाश करेंगे एनडीए सांसद

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के पार्ट दो के अंतर्गत एनडीए के सांसद दुनिया के दर्जनों मित्र देशों की यात्रा करेंगे और उन्हें पाकिस्तान की सच्चाई बताएंगे। यह कोशिश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान को बेनकाब करने और उस पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के लिए की जाएगी।

सांसदों का यह दौरा 22 मई के बाद शुरू होगा और उन सभी मित्र देशों को किया जाएगा जिन्हें भारत पहलगाम हमले के बाद से ही जानकारी देता रहा है। इनमें अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और आस्ट्रेलिया के साथ-साथ मध्य पूर्व के मुस्लिम देश भी शामिल होंगे।

दरअसल, पाकिस्तान पहलगाम से लेकर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान लगातार झूठ बोलता रहा है। वह दुनिया को तथ्यों से अलग जाकर एक नैरेटिव सेट करने के लिए मनगढ़ंत कहानी बताता रहा है। पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समर्थन नहीं मिला है, लेकिन चीन और तुर्किये जैसे देशों के उसके साथ आ जाने से उसे एक सहारा मिल गया है।

## सीएम ने पूरा बयान सुने बिना ही ट्वीट किया : रामगोपाल

**लखनऊ।** सपा नेता रामगोपाल यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ट्वीट पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की नाक के नीचे दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों पर अकल्पनीय अत्याचार हो रहे हैं। लोगों का जाति व धर्म देखकर अत्याचार किया जा रहा है। उन्होंने मेरा पूरा बयान सुने बिना ही ट्वीट कर दिया।

उन्होंने एक्स पर कहा कि उत्तर भारत के कुछ राज्यों में विशेषकर उत्तर प्रदेश में जहां धर्म, जाति और वर्ग देखकर लोगों पर फर्जी मुकदमे लगाये जा रहे हों, जाति धर्म के आधार पर एनकाउंटर किये जा रहे हों, जाति धर्म के आधार पर गैंगस्टर लगा कर संपत्ति जब्त की जा रही हो, जाति धर्म और वर्ग देखकर महिलाओं पर अत्याचार किए जा रहे हों।

जाति धर्म और वर्ग देख कर कर्मचारियों और अधिकारियों की पोस्टिंग्स की जाती हो ऐसी विकृत मानसिकता के लोगों के वारे में कल मैंने एक कार्यक्रम में कहा था की कर्नल सोफिया का धर्म नाम





से पहचान लिए इसलिए गाली दी गयीं। विदेश सचिव मिस्त्री को गाली दीं गयीं अगर इन गाली वाजों को ये पता चल जाता की व्योमिका सिंह जाटव हैं और एयर मार्शल अवधेश भारती यादव हैं तो ये इन अफसरों को भी गालियां देने से बाज नहीं आते। मुझे आश्चर्य इस बात का है कि जिस मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों पर अकल्पनीय अत्याचार हो रहे हों उन्होंने मेरा पूरा बयान बगैर सुने ही ट्वीट कर दिया। बता दें कि सीएम योगी ने एक्स पर दिए गए अपने बयान में कहा था कि सेना की वर्दी जातिवादी चश्मे से नहीं देखी जाती है। भारतीय सेना का प्रत्येक सैनिक राष्ट्रधर्म निभाता है, न कि किसी जाति या मजहब का प्रतिनिधि होता है।

## जेएनयू के बाद जामिया ने तुर्किये को दिया झटका

### विश्वविद्यालय ने हर तरह का समझौता किया निलंबित

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तुर्किये ने पाकिस्तान को मदद की। इसके बाद देश भर में तुर्किये का बहिष्कार किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। जामिया ने तुर्किये सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी तरह के समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। कल बुधवार को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने भी तुर्किये के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया था। जामिया मिलिया इस्लामिया के एक्स अकाउंट पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी गई है।

## अगले कुछ वर्षों में लड़ाकू विमान बनाने में आत्मनिर्भर होगा भारत

**ब्रह्मपुर ( ओडिशा )।** भारत आने वाले कुछ वर्षों में खुद अपने लड़ाकू विमान बनाने में पूरी तरह आत्मनिर्भर हो जाएगा। यह बात भारत के लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस के पूर्व प्रमुख डिजाइनर और कार्यक्रम निदेशक कोटा हरिनारायण ने कही। पद्मश्री से सम्मानित हरिनारायण ने कहा कि देश में अब एयरक्राफ्ट बनाने की पूरी प्रणाली तैयार हो चुकी है। देश में स्वदेशी विमान बनाने की तकनीक भी अब बेहतर हो गई है। उन्होंने कहा, कुछ ही वर्षों में भारत हर तरह के लड़ाकू विमान बनाएगा, जो वायु सेना की जरूरतों को पूरा करेंगे। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय में भारत न सिर्फ अपने लिए लड़ाकू विमान बनाएगा, बल्कि मित्र देशों को निर्यात भी करेगा।

## मप्र में मंत्री के बाद अब डिप्टी सीएम देवड़ा के बयान पर विवाद

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह का कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए विवादित बयान का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ है। इसी बीच प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के एक बयान पर विवाद हो गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में की गई कार्रवाई को लेकर डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि देश की सेना और सैनिक उनके चरणों में नतमस्तक हैं, पूरा देश उनके चरणों में नतमस्तक है। उन्होंने जो जवाब दिया है, उसकी जितनी सराहना की जाए, उतनी कम है। दरअसल, इस वाक्य से पहले वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र कर रहे थे। इस वजह से कांग्रेस ने उन पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दावा है कि उपमुख्यमंत्री देवड़ा पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक होने की बात कर रहे थे। मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम बीते गुरुवार को जबलपुर के दौरे पर थे। जहां, एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवड़ा ने कहा कि मन में बहुत क्रोध था, जो नजारा हमने देखा, जो पर्यटक घूमने गए थे, वहां चुन-चुनकर, धर्म पूंछ-पूंछकर, महिलाओं को एक तरह खड़ा करके, बच्चों के सामने पुरुषों को गोली मार दी गई। उस दिन से देश के लोगों में बहुत तनाव था, जब तक इसका बदला नहीं लिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने माताओं का सिंदूर मिटाया, और आतंकवादियों को जो पाल रहे हैं, उनको जब तक नेस्तनाबूद नहीं करते, तब तक चैन की सांस नहीं लेंगे।

## समाज के लिए उपयोगी और सक्षम व्यक्ति बनाना ही शिक्षा : पटेल

### राज्यपाल, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के12वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि शिक्षा केवल ज्ञान की डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है। समाज के लिए उपयोगी और सक्षम व्यक्ति बनाना भी है। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवन की अंधी भाग-दौड़ में युवा जीवन के आनंद से वंचित हो रहे हैं। दिनचर्या यांत्रिक होती जा रही है। जरूरी है कि युवा प्रकृति के साथ सह-जीवन की दिनचर्या को अपनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा करते हुए कहा है कि इस प्रतिष्ठित संस्थान में अर्जित ज्ञान का उपयोग मानवता की सेवा में करें। परिवार, समाज के प्रति संवेदनशील रहे। माता-पिता, गुरुजन, समुदाय और समाज के



लिए कृतज्ञता का भाव रखें। वंचितों को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर रहें। राज्यपाल श्री पटेल राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 12वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय के पी.एच.डी. उपाधि और स्वर्ण पदक प्राप्तकर्ताओं को मंच से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि भौतिक सुखों को प्राप्त करने से सुख नहीं मिलता है। आत्मिक सुख, जरूरतमंदों की मदद और सेवा कार्यों से मिलता है। उन्होंने सेवा कार्यों में प्रदर्शन की अपेक्षा परिणामों पर बल दिए जाने वाले सामाजिक वातावरण के निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर विचार करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह का दिन उपलब्धियों से जुड़े गर्व को महसूस करने का दिन है, जो संस्थान और विद्यार्थी दोनों के लिए उत्सव का प्रसंग होता है। हम सबके जीवन में कुछ ऐसे क्षण होते हैं जिन्हें हम जीवन भर संजो कर रखते हैं। ऐसा ही दीक्षांत का दिन होता है, जो विद्यार्थियों के मन-मस्तिष्क में हमेशा अंकित रहेगा। परिसर में अध्ययन के दौरान छात्र-छात्राओं ने यादगार पल और जीवन भर के लिए मित्रता की है। अनमोल सबक और प्रचुर ज्ञान प्राप्त किया है। यह सब आने वाले समय में विभिन्न परिस्थितियों में उनके लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि दीक्षांत का दिन जीवन का वह महत्वपूर्ण मोड़ है, जहां विद्यार्थियों को कैरियर और जीवन के अगले चरण के बारे में निर्णय लेना है। प्राप्त उपाधि आपको असीमित अवसरों और संभावनाओं की दुनिया में प्रवेश कराएगी। उनके सामने देश-विदेश में उच्चतर अध्ययन, रोजगार और उद्यम स्थापना के विकल्प उपलब्ध होंगे, लेकिन भावी जीवन में रोजगार तलाशने वाले की बजाय रोजगार देने वाले की तरह सोच कर आगे बढ़ने का प्रयास करे।

# सिंगरौली को चारागाह बना लिया श्रम विभाग के जिम्मेदार

## सरकार की योजनाओं को पालन कराने के बजाय बेजा वसूली में मशगूल !




**सिंगरौली।** श्रम विभाग निरीक्षक ने सिंगरौली को चारागाह बना लिया है। लंबे समय से सिंगरौली में जमे श्रम विभाग के निरीक्षक पर अवैध वसूली के आरोप लगे हैं। आरोप यह भी लग रहें है कि अगर समय पर वसूली नही आई तो कानूनी प्रक्रिया की नोटिस संस्थानों को भेजकर दबाव बनाते हैं। बताया जा रहा है सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं पर ध्यान न देकर श्रम विभाग के निरीक्षक वसूली पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। श्रम विभाग के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से आज तक सिंगरौली में बाल श्रम बंद नही हुआ। जबकि सरकार बाल श्रम को रोकने कई योजनाएं संचालित की हुई है। लेकिन उस पर अधिकारी अमल नही कर रहे हैं। वहीं आरोप यह भी है कि सरकार को गलत जानकारी भेजकर धृतराष्ट्र बन सिंगरौली में बैठे हुए हैं।

गौरतलब है कि शासन ने बाल श्रम पर रोक लगा दी है। यह कानून बने कई वर्ष बीत गये, लेकिन अभी भी नौनिहालों के हाथों में पुस्तक की बजाय फावड़े, तगाड़ी व कबाड़ बिनते देखा जा सकता है। ऐसे में किस तरह से इनके सपने पूरे हो पाएंगे यह कह पान मुश्किल लग रहा है और श्रम विभाग कागजी घोड़े की तरह आंकड़ा दर्शा रहा है। मालूम हो कि देश के हित के लिए कानून बना दिया जाता है लेकिन इसका किस तरह से पालन होता है ये बालश्रम कानून का हाल बयां कर रहा है। शासन ने गरीब तबके के नौनिहालों के लिए श्रम विद्यालय भी संचालन कर रहा है, ताकि गरीबों के बच्चों का भविष्य संवर जाए। इसके लिए कई योजनाएं संचालित है और धड़ पकड़ करने के लिए श्रम विभाग बनाया गया है। क्या श्रम विभाग के आलाधिकारी इस कानून को लेकर गंभीर नही है, अगर गंभीर ही होते तो नौनिहालों के हाथों में कबाड़ व फावड़ा, तगाड़ी के स्थान पर पुस्तकें होती। लेकिन श्रम विभाग के आलाधिकारी कागजी घोड़े की तरह कार्यवाही का फरमान भरकर उच्च अधिकारियों को खुश करते है। वास्तविकता पर गौर किया जाए तो जिले भर में बाल श्रमिकों की फौज खड़ी है,जहां भी देखे चाहे वे शासकीय कार्य हो या फिर प्राइवेट निर्माण कार्य, होटल के जूठन धोते या फिर गंदगी में कबाड़ बिनते है। यहीं कारण है कि जिले में नौनिहालों की स्थिति दयनीय बनी हुई है। ऐसे में इन गरीब तबके के नौनिहालों के भविष्य को लेकर कोई जिम्मेदार नहीं है।

### कार्यालयों में बैठकर ले रहे पगार

बताया जा रहा है कि कार्यालयों में बैठकर अधिकारी शासन की पगार ले रहे है, जबकि क्षेत्रीय स्तर पर कार्यवाही के लिए अमले हैं फिर भी दफ्तर में बैठै-बैठे आंकड़ा तैयार होता है,तो बाहर जाने की क्या आवश्यकता है। इनके सपने शायद गंदी नालियों व होटलों में जूठन धोने के लिए बने है और होटल संचालकों द्वारा ये मासूम प्रताड़ित होते रहते है। इनके सपनों को संवारने का बीड़ा कोई उठाने वाला नहीं है।

### ऊंचाई छूने का सपना अधूरा

नौनिहालों की तमन्ना होती है कि ऊं चाईयों को छूकर अपने सपनों को पूरा करें,लेकिन बाल श्रम ने इन्हें जकड़ लिया है। कोशिश करने के बावजूद बाहर नहीं निकल पा रहे है और सपने केवल सपनें ही रह जा रहे है। कुछ तो गरीबी के अभाव की वजह से और कुछ अपने मॉं बाप के संस्कारो की वजह से ये रास्ता भटक कर या तो नशे की चपेट में आ जाते है और नही तो स्कूल जाने की बजाय अन्यत्र कहीं बैठकर गलत कामो में लिप्त हो जाते है। जिसकी वजह से इनका भविष्य पूरी तरह अंधकारमय हो जाता है।

### बालश्रम कानून की उड़ रही धज्जियां

जिले में बाल श्रम कानून की धज्जियां उड़ाई जा रही है जबकि कई वर्ष कानून बने बीत गया, लेकिन इस कानून का जिले में कोई हल नहीं निकल रहा है। सिर्फ कागजी घोड़े ही दौड़ रहे है। ऐसे में बालश्रम पर कितना प्रतिबंध लगेगा कह पाना मुश्किल है।गरीब के बच्चे सुबह होते ही गली चौराहों के कचरे में कबाड़ लताशते है कि कहीं मिल जाए तो पेट भरने के लिए आज की रोटी का जुगाड़ हो जाएगा। छोटी सी उम्र में पुस्तक बैग की जगह पर कबाड़ के झोले टंगे मिलते है। इनकी दयनीय स्थिति को लेकर कोई गंभीर नहीं है।

### श्रम विभाग के आलाधिकारी बेलगाम

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में चल रहे निर्माण कार्यो में नाबालिग मजदूरी कर रहे और जिला मुख्यालय के कबाड़ व होटलों में बर्तन धो रहे है, लेकिन श्रम विभाग के आलाधिकारी इतने बेलगाम हो गये है कि बाल श्रम कानून को भूल गये है। इनके ऊपर बैठे जिम्मेदार भी जिले के द्वारा दिखाए गए आंकड़ो से संतुष्ट होकर बैठ जाते है। जबकि जमीनी हकीकत इसके बिलकुल विपरित है।

# काचन नदी पुनर्जीवन परियोजना का मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया अवलोकन

## छोटी नदियों के संरक्षण से बड़ी नदियों में जल भंडारण हो सकेगा सुनिश्चित



**सिंगरौली।** छोटी नदियां जब बारहमासी होगी तभी बड़ी नदियों में जल भंडारण बना रहेगा का वक्तव्य प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने काचन नदी पुनर्जीवन परियोजना के अवलोकन कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि आज मुझे बेहद प्रशंसा हो रही है कि सिंगरौली जिले की कंचन नदी पुनर जीवन परियोजना सरकार और समाज के सहयोग से नदी संरक्षण का एक अनूठा उदाहरण बना है जिसकी प्रेरणा से छोटी बड़ी नदियों में होने वाले संरक्षण कार्यों को संरक्षण की धारा के विषय में एक नई दिशा मिलेगी। जहां नदी का उद्गम होगा वहीं ऊर्जा का श्रोत होता है। उन्होंने कहा कि यह मेरी 55वी उद्गम स्थलों का परिक्रमा है मैं उपस्थित जनता जन समूह से आग्रह करता हूं कि जन भागीदारी से पुराने जल संरचनाओं का पुनर्जीवन एवं जीर्णोद्धार में आगे बढ़कर अपना योगदान दें वही अवधूत महायोगी समर्थ दादा ने भी उपस्थित जन समूह को अपना मार्गदर्शन देते हुए कहा कि नदियों नदियों का उद्गम स्थल एक महत्वपूर्ण जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जहां उद्गम स्थल होता है वह ऊर्जा ऊर्जा के स्रोत को दर्शाता है जहां संगम होता है वह जीवन को दर्शाता है हमें इन नदियों के उद्गम क्षेत्र के लिए सक्रियता सक्रियता दिखानी होगी महत्वपूर्ण त्योहार में इन क्षेत्रों की पूजा अर्चना कर स्थानीय तकनीक के निर्माण के सहयोग से इन्हें संरक्षित करना होगा। इस अवसर पर राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह,इस अवसर पर सांसद डॉ. राजेश मिश्र , सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम , कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री, जिला प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे , भाजपा जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश सहित अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### नदियां एवं वृक्ष समाज का भविष्य है, इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी: पटेल

**सिंगरौली।** जीवनदायनी नदियों के संरक्षण एवं पूर्ण जीवन के लिए जन भागीदारी से कार्य करने का हमें संकल्प लेना होगा। नदियां एवं वृक्ष समाज का भविष्य है और इसका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी का वक्तव्य राजमाता चुन कुमारी स्टेडियम में आयोजित जल गंगा संवाद एवं पंच सरपंच सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रहलाद पटेल कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने व्यक्त किया। कंचन नदी पुनर्जीवन परियोजना पर्यावरण संरक्षण जल प्रबंधन और जन भागीदारी का उत्कर्ष उदाहरण है यह हमारे लिए अत्यंत गौरव का विषय है कि प्रशासन जनप्रतिनिधियों तथा ग्राम वासियों ने मिलकर कचन नदी को फिर से पुनर्जीवित किया है ।

# भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित होगी तिरंगा यात्रा




**सिंगरौली।** वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य एवं आपरेशन सिंदूर में प्रदर्शित सेना के शौर्य एवं पराक्रम के लिए एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र एवं भारतीय सेना के सम्मान को समर्पित होगी तथा यह यात्रा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के रूप मे आयोजित होगी। । इस विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन आज 17 मई को शायं 4 बजे आयोजित होगा। यात्रा का शुभारंभ राजमाता चून कुमारी स्टेडियम से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए काली मंदिर रोड में प्रवेश करेगी तथा वहां से अंबेडकर चौक होते हुये तुलसी मार्ग में प्रवेश करेगी तथा वहां से होकर जयस्तंभ चौक पर यात्रा का समापन होगा।

यह तिरंगा यात्रा पूरी तरह से आम जन और सर्व समाज द्वारा आयोजित होगी तथा निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय इस कार्यक्रम के संयोजक बनाये गये हैं। इस तिरंगा यात्रा मे समाज के विभिन्न वर्गो के लोग जैसे छात्र-छात्राएं, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनैतिक कार्यकर्ता, किसान, उद्यमी, कामकाजी व्यक्ति, महिलाएं तथा जन सामान्य नागरिक सम्मिलित होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने इस तिरंगा यात्रा मे सम्मिलित होने के लिए सभी से आग्रह किया है।

# बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़ लाखों की चोरी कर पुलिस को दी खुली चुनौती

## नवानगर थाना क्षेत्र के भकुआर गांव की घटना

**सिंगरौली।** एक तरफ जहां सिंगरौली जिले में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल का दौरा है,वहीं जिले के नवानगर थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने दिनदहाड़े मकान का ताला तोड़ लाखों की संपत्ति चोरी कर नवानगर पुलिस को खुली चुनौती दी है। स्थिति यह है कि दिन हो चाहे रात चोर पुलिस को चकमा देकर चोरी के बड़े-बड़े वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। चोरों ने उक्त चोरी की बडी घटना को अंजाम देकर ये साबित कर दिया है कि क्षेत्र में पुलिस की दहशत पूर्ण रूप से खत्म हो चुकी है और चोरों के हौसले बुलंद है। बतादे कि सिंगरौली जिले के नवानगर थाना क्षेत्र के भकुआर निवासी में सतीश पाण्डेय पिता आत्माराम पाण्डेय के यहां शुक्रवार की दोपहर में अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़ कर अलमारी में रखे लाखों के जेवरात सहित नगदी चोरी कर ले गए। जिसकी सूचना



पीड़ित सतीश पाण्डेय ने नवानगर थाने को दी है। पीड़ित सतीश पाण्डेय ने बताया कि वह 16 मई को सुबह 10 बजे उनका छोटा भाई अजय पाण्डेय मकान में तला बंद कर कॉलेज चला गया। 1 बजे के लगभग जब वह घर पर लौटा तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। आनन-फानन में जब वह घर के अन्दर घुसे तो देखा की सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा है। आलमारी लाकर और सूटकेस के ताले टूटे हुए पड़े हैं। सतीश पाण्डेय के अनुसार आलमारी में रखें चार से पांच लाख रूपए नगद सहित सोने का मंगलसुत बड़ा वाला 1नग, लेडीज अंगूठी 1नग, मांगटीका सोने का 1नग, कान का झुमका एक नग, कमर करधनी चादी का एक नग, छागर चादी का एक नग, चादी का पायल एक नग, लाकेट सोने का एक नग आदि। अज्ञात चोरों ने सुने घर का फायदा उठाते हुए पार कर दिया।

### मुआयने करने पहुंची पुलिस

घटना की जानकारी लगते ही भाजपा के तेज तर्रार नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप चौबे मौके पर पहुंच पीड़ितों को सांत्वना देते हुए कहा कि उनका टीआई से बात हो चुकी है इस तरह के दुस्साहसिक व्यक्ति वह चाहें जो भी होगा जल्द ही सलाखों के पीछे होगा। उधर घटना की जांच करने पहुंची नवानगर पुलिस ने पीड़ित परिवारों से घटना की पूरी जानकारी हासिल की। जहां उन्होंने घर का और बदमाश कहां से घुसे इसका पूरा मुआयना किया।

# एक बस बिना परमिट जब्त, 28 वाहनों से वसूला 37 हजार रुपये



**सिंगरौली।** सड़क हादसों में कमी लाने के लिए परिवहन विभाग के अफसर सड़कों पर उतरकर सघन वाहन चैकिंग करते नजर आए। शुक्रवार को मोरवा मार्ग पर बिना परमिट के दौड़ रही एक बस पर कार्रवाई की है। विभागीय चेकिंग में एक बस को रोक कर चेक किया गया तो बस चालक के पास बस के परमिट, फिटनेस और प्रदूषण प्रमाण पत्र जैसे जरूरी दस्तावेज नहीं थे, इसके बावजूद बस का संचालन किया जा रहा था। जहां बसों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से मोरवा थाने में खड़ा कराया गया है। जबकि अन्य वाहनों से 37 हजार जुर्माना वसूल किया गया। दो दिनों से लगातार परिवहन विभाग संघन चेकिंग अभियान कर रहा हैं।

मिली जानकारी के अनुसार परिवहन विभाग नियम विरुद्ध वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान जारी है। जिला परिवहन अधिकारी विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि यह कार्रवाई परिवहन कलेक्टर के मार्गदर्शन में की गई। उन्होंने कहा कि बिना दस्तावेजों के वाहनों का संचालन पूरी तरह गैरकानूनी है और यात्रियों की सुरक्षा के साथ खतरा है। ऐसी लापरवाही पर सख्त कदम उठाना जरूरी है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि आज करीब 28 वाहनों को रोक कर उनके दस्तावेज चेक किए गए। जिसमें निखिल बस में बैध दस्तावेज नहीं पाए गए। बस क्रमांक यूपी 04 बीटी 5979 बिना परमिट के चल रही को जब्त कर मोरवा थाना में खड़ा कराया गया है। परिवहन विभाग अब बस संचालक पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। वहीं परिवहन विभाग ने अन्य वाहनों से 37 हजार रुपए जुर्माना वसूला हैं।

# सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम का शुभारंभ

## आत्मविश्वास और परिश्रम से बनेगा सुनहरा भविष्य



**सिंगरौली।** आत्मविश्वास और परिश्रम ही सफलता की असली कुंजी हैं। उक्त प्रेरणादायक विचार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन ने सृजन यूथ कनेक्टिविटी कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किए। वे एनटीपीसी विंध्यनगर स्थित मैत्री सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री रंजन ने कहा कि सफलता केवल सोचने से नहीं बल्कि निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास से मिलती है। यह कार्यक्रम यूनिसेफ और मध्यप्रदेश सामुदायिक पुलिस विभाग के संयुक्त प्रयास से प्रदेश के सभी जिलों में आयोजित किया जा रहा है। सिंगरौली जिले में पुलिस विभाग और अमृता सेवा संस्थान समिति के सहयोग से यह 18 दिवसीय कार्यशाला 14 मई से प्रारंभ हुई है। इस विशेष यूथ कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरों और किशोरियों को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाना है। इस कार्यशाला में शामिल बच्चे मार्शल आर्ट और कराटे जैसी विधाओं के माध्यम से आत्मरक्षा के गुर सीखेंगे। व्यक्तित्व निर्माण एवं शैक्षिक जागरूकता से जुड़े विषयों को समझेंगे और समाज में सशक्त नागरिक बनने की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त करेंगे।

इस दौरान सीएसपी पीएस परस्ते, महिला एवं बाल विकास विभाग से नीरज शर्मा, थाना प्रभारी श्रअर्चना द्विवेदी, तथा ब्रह्मकुमारी शोभा दीदी। सभी अतिथियों ने अपने-अपने अनुभवों और विचारों से बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर 100 से अधिक बच्चे अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहे।

# रेत परिवहन में लगा ट्रैक्टर बाइक सवार को कुचला, मौत

## गुस्साए परिजनों ने किया हंगामा,मौके पर भारी संख्या में पहुंची पुलिस ने संभाला मोर्चा

**सिंगरौली।** निवास चौकी क्षेत्र में आए दिन लगातार लोग सडक़ हादसे के शिकार हो रहे हैं। अभी हाल ही में निवास बाजार में एक हाईवा वाहन ने बाइक में सवार महिला को कूचलकर मौत के घाट उतार दिया था। इसके पहले एक स्कूली छात्र को एक हाईवा वाहन ने मौत की नींद सुला दिया था। इसके बाद भी निवास चौकी पुलिस लगातार हो रहे सडक़ दुर्घटनाओ में अंकुश नही लगा पा रही है। बताते चले कि निवास चौकी क्षेत्र में रेत का अवैध कारोबार ट्रैक्टर व हाईवा के माध्यम से जोरो से चल रहा है। साथ ही हाईवा वाहनो से ओवरलोड गिट्टी का भी परिवहन हो रहा है। वाहनों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि लोग आए दिन काल के गाल में समा रहे हैं। लेकिन निवास चौकी प्रभारी इन सडक़ हादसों पर रोक लगाने मे



असफल दिखाई दे रही हैं। सूत्र बताते हैं कि रेत के अवैध कारोबार में लगे ट्रैक्टरों से पुलिस जमकर वसूली कर रही है। साथ ही ओवरलोड दौड़ रहे हाइवा वाहनों का भी चौकी में मंथली फिक्स है। जिसके चलते पुलिस कार्यवाही नही करती है बल्कि खुला संरक्षण दे रखी है। जानकारी के अनुसार सरई थाना क्षेत्र के निवास पुलिस चौकी अंतर्गत भरसेड़ी ग्राम पंचायत के समीप गडई गांव में आज शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे तेज रफ्तार ट्रैक्टर एवं बाइक के बीच आमने-सामने से हुई भिड़ंत में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर निवास पुलिस पहुंची। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिजन हंगामा करने के लगें। हालांकि पुलिस के समझाइश इसके बाद मामला शांत हुआ। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार मोटर साइकिल ट्रैक्टर आमने-सामने से टकरा गए। टक्कर इतना तेज था कि मोटरसाइकिल सवार युवक धर्मराज यादव पिता शंकर लाल यादव उम्र करीब 20 वर्ष की घटनास्थल पर मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निवास पहुंचे हंगामा करते हुए विरोध शुरू कर दिया है। निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी हंड्रेड डायल से लगी,जहां मोटरसाइकिल में सवार घायल युवक को 108 वहां से इलाज के लिए सारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वही इलाज दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि हादसा कैसे हुआ यह जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा। वही ट्रैक्टर चालक की तलाश पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक की मौत की जानकारी लगने के बाद परिजनों सहित ग्रामीण सरई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल पहुंच हंगामा करने लगे। लेकिन चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह ने लोगों को समझाइए देकर मामला को शांत कराया।

## संपादकीय

### संघर्ष विराम के मायने

भारत और पाकिस्तान के बीच शुरू हुआ सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित कर दिया गया है। भारतीय सेना के तीनों अंगों के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से कहा है कि हमारा मकसद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाना था। उसमें हमें पूरी कामयाबी मिली। मगर पाकिस्तानी सेना ने उसे अपने ऊपर हमला मान लिया और आतंकवाद के साथ खड़ी हो गई। अब हम अगले अभियान के लिए तैयार हैं। अब दोनों देशों के सैन्य अभियान प्रमुखों ने भी औपचारिक रूप से संघर्ष विराम पर परस्पर सहमति जता दी है। दरअसल, पिछले दो दिन से संघर्ष विराम को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे थे, इसे लेकर आम लोगों में भी निराशा नजर आ रही थी। सेनाध्यक्षों के बयान के बाद अब किसी के मन में संशय नहीं रहना चाहिए कि आखिर क्यों लंबे सैन्य संघर्ष का रास्ता छोड़ना पड़ा। भारतीय सेना शुरू से कहती आ रही है कि वह हर तरह के हमले का जवाब देने को तैयार है। अब उसने रेखांकित किया है कि हमारा सुरक्षा कवच अभेद्य है और हम अगले अभियान के लिए तैयार हैं, तो इसका अर्थ समझने की जरूरत है। छिपी बात नहीं है कि पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों पर लक्षित हमले के बाद भी भारत अपने मकसद को भूला नहीं है। आतंकवाद के सफाए के लिए अब नई रणनीति की जरूरत महसूस की जाने लगी है, इसलिए कि पाकिस्तानी सेना ने उस भारतीय हमले को अपने ऊपर हमला मान कर जवाब देना शुरू कर दिया था। यह अच्छी बात है कि इस मौके पर सारे विपक्षी दलों ने सरकार में भरोसा जताया और उसके हर फैसले में साथ देने का वादा निभाया। मगर युद्ध विराम का फैसला आते ही इस मसले पर राजनीतिक सरगर्मी दिखाई देने लगी है। सरकार ने भी विपक्षी दलों की तरफ से उठ रहे सवालों का जवाब दे दिया है। युद्ध के समय सियासी नफे-नुकसान के समीकरण नहीं साधे जाने चाहिए, यह बात दोनों पक्षों पर लागू होती है। इसी तरह, आम जन को तथ्यों की जानकारी मिलनी ही चाहिए। मगर समझने की जरूरत है कि सेना इसलिए कई सवालों के जवाब फिलहाल भविष्य पर छोड़ रही है कि उसने अभी तक संघर्ष को अंतिम तौर पर समाप्त नहीं किया है।

**हम आपको बता दें कि ताजा हिमाकत में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम फिर से बदले हैं। इस पर पलटवार करते हुए भारत ने कहा है कि इस तरह के "बेतुके" प्रयासों से यह "निर्विवाद" सच्चाई नहीं बदलेगी कि यह राज्य "भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।" विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "हमने देखा है कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के व्यर्थ और बेतुके प्रयास किए हैं।" उन्होंने कहा, "हम इस तरह के प्रयासों को अपने सैद्धांतिक रुख के अनुरूप स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं।" उन्होंने कहा, "रचनात्मक नाम रखने से यह निर्विवाद वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।खास बात यह है कि चीन ने यह हिमाकत तब की है जब हाल ही में भारत पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान चीनी हथियारों को भारत ने मार गिराया, चीन ने यह हिमाकत तब की है जब एक दिन पहले ही बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं एशिया मामलों के प्रभारी लियू जिनसोंग ने भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों तथा साझा हितों के मुद्दे पर विचारों का आदान-प्रदान किया था।**

# अरुणाचल केबिनेट मीटिंग और तिरंगा यात्रा देखकर बौखलाया चीन

(नीरज कुमार दुबे)

ताजा हिमाकत में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम फिर से बदले हैं। इस पर पलटवार करते हुए भारत ने अरुणाचल कहा है कि इस तरह के ''बेतुके'' प्रयासों से यह ''निर्विवाद'' सच्चाई नहीं बदलेगी कि यह राज्य ''भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।''ड्रैगन है कि मानता नहीं। कभी वह भारत, ताइवान तथा दूसरे देशों के हिस्सों को अपने मानचित्र में दर्शाता है तो कभी दूसरे देशों के क्षेत्रों का अपने हिसाब से नामकरण कर देता है। विस्तारवादी चीन चूंकि अब अपनी सीमा से बाहर एक इंच जमीन पर भी कब्जा नहीं कर पा रहा है तो शायद वह ऐसी ही हरकतों से अपने को तसल्ली दे देता है। लेकिन उसका यह रुख दर्शाता है कि चीन की असली मंशा क्या है और समय आने तथा मौका मिलने पर वह क्या कर सकता है। इसलिए चीन से वार्ताओं के कितने भी दौर हो जायें, उससे कितना भी हाथ मिला लिया जाये, शांति के साथ रहने के कितने ही संयुक्त बयान जारी हो जायें, इस सबके बावजूद चीन पर तनिक भी भरोसा करना बहुत बड़ी भूल होगी।

हम आपको बता दें कि ताजा हिमाकत में चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के नाम फिर से बदले हैं। इस पर पलटवार करते हुए भारत ने कहा है कि इस तरह के ''बेतुके'' प्रयासों से यह ''निर्विवाद'' सच्चाई नहीं बदलेगी कि यह राज्य ''भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।'' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हमने देखा है कि चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थानों का नाम बदलने के व्यर्थ और बेतुके प्रयास किए हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम इस तरह के प्रयासों को अपने सैद्धांतिक रुख के अनुरूप स्पष्ट रूप से अस्वीकार करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''रचनात्मक नाम रखने से यह निर्विवाद वास्तविकता नहीं बदलेगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।खास बात यह है कि चीन ने यह हिमाकत तब की है जब हाल ही में भारत पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान चीनी हथियारों को भारत ने मार गिराया, चीन ने यह हिमाकत तब की है जब एक दिन पहले ही बीजिंग में चीन के विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं एशिया मामलों के प्रभारी लियू जिनसोंग ने भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों तथा साझा हितों के मुद्दे पर विचारों का आदान-प्रदान किया था। चीन ने यह हिमाकत तब की है जब एक दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश सरकार ने सीमावर्ती दूरदराज के क्षेत्रों में सरकार की पहुंच को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए अंजाव जिले के किबिथू में कैबिनेट आपके द्वार बैठक का आयोजन किया, जिसमें ?100 करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। हम आपको बता दें कि किबिथू, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से केवल 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह भारत के सबसे पूर्वी बसे हुए स्थानों में से एक है। चीन ने यह हिमाकत तब की है जब एक दिन पहले ही अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती नगर वलोंग में उत्तर-पूर्व भारत की पहली तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में उपमुख्यमंत्री चोना मेन, कैबिनेट मंत्री, स्थानीय नेता, सेना के जवान और सैंकड़ों उत्साही नागरिक शामिल हुए। हम आपको बता दें कि एलएसी के निकट स्थित वलोंग, भारत-चीन 1962 के युद्ध का एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां भारतीय सैनिकों ने वीरता से लड़ाई लड़ी थी।



हम आपको याद दिला दें कि चीन ने आधिकारिक तौर पर अपने 'मानक मानचित्र' के 2023 संस्करण को जारी किया था जिसमें अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चिन क्षेत्र, ताइवान और विवादित दक्षिण चीन सागर पर उसके दावों सहित अन्य विवादित क्षेत्रों को शामिल किया गया था। यही नहीं, इससे पहले भी चीन अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के नाम अपने हिसाब से रख चुका है जिसका भारत ने विरोध किया था। दरअसल चीन इस क्षेत्र को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर इस पर अपना दावा करता है। चीन के नागरिक मामलों के मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश के लिए 11 स्थानों के मानकीकृत नाम जारी किए थे जिसे वह स्टेट काउंसिल, चीन की कैबिनेट द्वारा जारी भौगोलिक नामों पर नियमों के अनुसार तिब्बत का दक्षिणी भाग ज़ंगनान बताता है।

हम आपको बता दें कि अरुणाचल में छह स्थानों के मानकीकृत नामों की पहली सूची 2017 में जारी की गई थी और 15 स्थानों की दूसरी सूची 2021 में जारी की गई थी। चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का पुन-नामकरण ऐसे समय में किया गया था, जब पूर्वी लद्दाख में मई 2020 में दोनों देशों के बीच शुरू गतिरोध अभी तक पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

बहरहाल, चीन द्वारा जारी किये जाने वाले मानचित्रों और नामकरणों पर भारत का यही कहना रहा है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अटूट हिस्सा है और 'गढ़े' गए नाम रखने से यह हकीकत बदल नहीं जायेगी। वैसे यह भी एक हकीकत है कि 1950 के दशक से चीन की ओर से मनोवैज्ञानिक आधार पर दबाव बनाने का जो खेल चल रहा है वह आगे भी चलता ही रहेगा।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# एशिया को निगल रहा युद्ध का अजगर

(डॉ. सुधा कुमारी )

धरती के उत्तरी गोलार्द्ध (नॉर्थ हेमिस्फियर) का वातावरण असाधारण युद्ध कौशल से भरा है। यहाँ कई युद्ध, महायुद्ध और दो विश्व युद्ध हो चुके हैं। दूसरा विश्व युद्ध 1945 तक समाप्त हो गया और उसकी विभीषिका को देख फिर किसी की हिम्मत नहीं हुई ऐसे युद्ध की स्थिति में पड़ने की। यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में युद्ध से बचने की सद्बुद्धि और परिपक्वता आ गयी थी। वे कटुता आने पर भी आपस में युद्ध की ओर नहीं बढ़े। पर कहते हैं न कि खिलाड़ी, पहलवान और सैनिक यदि अपना अभ्यास छोड़ दें तो कमजोर हो सकते हैं। इसलिए 'कोल्ड वॉर' यानी बिना युद्ध के लड़ना तो जारी रहा पर केवल तीसरी दुनिया के महाद्वीप के साथ।

यूरोप, उत्तर अमेरिका और दक्षिण अमेरिका महाद्वीपों में अधिकाँश लोग एक धर्म को मानते हैं, अतः धर्म का टकराव युद्ध के रूप में कम दिखता है। लेकिन तीसरी दुनिया, विशेष रूप से एशिया जहां विभिन्न प्रकार के धर्म जैसे हिन्दू, मुसलमान, बौद्ध बहुतायत में हैं, में धर्म का टकराव बड़े संघर्ष के रूप में दिखता है। पिछले कटु अतीत या शत्रुता को लेकर आए दिन बवाल होता है, गृहयुद्ध के साथ सीमा पर युद्ध की कगार पर भी पहुँच जाता है। यहाँ अपने गौरवमय अतीत और विशाल साम्राज्य को याद कर आए दिन साम्राज्यवाद की ओर बढ़ते कदम दिखाई देते हैं। एशिया के देशों में युद्ध से बचने की कला आने में देर हो रही है।

विश्व युद्ध समाप्त होने पर भी विकसित देशों में हथियारों का उत्पादन और व्यापार बहुत बढ़ा है। युद्ध कला में पारंगत और हथियारों के व्यापारी जिन्हें सदियों से तीसरी दुनिया- एशिया और अफ्रीका-में



जाकर लड़ने, उपनिवेश बनाने और वहां के दुर्लभ प्राकृतिक साधन का दोहन करने की आदत लग चुकी हो वे करें तो क्या करें? तीसरी दुनिया के अलावा जाएं तो कहाँ जाएं? अपना सामान और युद्ध के हथियार बेचें तो कहाँ बेचें? सबका ध्यान आर्थिक प्रगति कर रहे भारी जनसंख्या वाले देशों पर केन्द्रित रहता है जहां अशिक्षा और गरीबी अभी भी विचारणीय विषय हैं।

विकसित देशों का तीसरी दुनिया पर अवांछित ध्यान (अनवांटेड अटेंशन) इन देशों को गरीबी, ऋण, और गुलामी के जाल में फँसा सकता है। यदि ये विकसित देश कृपा करके एशिया में शिक्षा बढ़ाने, व्यापार बढ़ाने और शांतिपूर्वक आर्थिक प्रगति करने पर ध्यान दें और उनके आंतरिक विषय में दखल न दें तो स्थिति सुधर सकती है। लेकिन वे मानते कहाँ हैं? सदा एशिया के आसपास मंडराते रहना और उसके आंतरिक विषय में दखल देना उनकी आदत है। यहाँ आपस में गहरा मनमुटाव होना, युद्ध भड़कना (और भड़काना) काफी आसान काम है। इससे हथियार का व्यापार भी सुचारू रूप से चलता रहता है।

एक सामान्य सी बात है कि पडोसी के घर में भी हस्तक्षेप करना आपत्तिजनक माना जाता है। फिर दूर के देशों पर पूरे समय निगरानी करना, आंतरिक हस्तक्षेप करना तो और अधिक आपत्तिजनक बात है। आश्चर्य तो यह देखकर होता है कि कई देश जो प्रजातंत्र की स्थापना के नाम पर तीसरी दुनिया के शासन में दखल देते हैं, उनके अपने यहाँ राजतन्त्र चलता है और चुना हुआ प्रधान मंत्री भी राजा के नाम पर सारे काम करता है।

आर्थिक रूप से कम प्रगतिशील एशिया को उपनिवेश बनाने, वहां के दुर्लभ प्राकृतिक साधन का दोहन करने और उनको लड़ाई के लिए हथियार बेचने के अलावा एक अन्य दृष्टिकोण भी है। वह है- एशिया में तीन बड़ी शक्तियों का होना और उनकी शक्ति से दुखी देशों की सैटेलाईट जैसी तेज दृष्टि तीनों पर बनी रहना। यहाँ पर उसकी चादर मेरी चादर से ज्यादा सफ़ेद क्यों? वाली उक्ति चरितार्थ होती ह। इसलिए एशिया के बड़े देशों को कमजोर करने के लिए भी जानबूझकर युद्ध में बलपूर्वक धकेला जाता है। भारत जैसा देश जो युद्ध कभी नहीं चाहता और उसके पडोसी देश जो भारत से युद्ध नहीं चाहते, को कूटनीतिक उपाय से उकसाकर उनपर युद्ध थोपा जाता है। एशिया के तीन बड़े देशों में से एक अबतक युद्ध में धकेला जा चुका है, दूसरा युद्ध जैसी परिस्थिति में पड़ चुका है और तीसरा उसकी ओर बढ़ रहा है।

एशिया को निगल रहा है युद्ध का अजगर- लगातार, हर दिन, हर पल और इसके खतरे से अनजान सब आपस में लड़े जा रहे हैं। इसका लाभ कोई और शक्ति उठा रही है और विकसित से अति विकसित होती जा रही है। इस अजगर से स्वयं को छुडाकर इसको समाप्त करना आवश्यक है। अभी भी लोग संभल जाएँ कि एशिया कोई युद्ध का मैदान नहीं, विकसित होने की क्षमता वाला महाद्वीप है तो यह सचमुच में विकसित बन सकता है।

बाहरी शरारती तत्वों से बचने और किसी देश के आंतरिक विषय को बचाकर रखने के लिए आवश्यक है- गूगल, ईमेल, फेसबुक, इन्स्टाग्राम और व्हाटसएप पर निर्भर होने की जगह देसी उपाय विकसित करना। दूसरे देश भागने और अपने देश को नीचा दिखाने से कहीं अच्छा है अपने देश का आर्थिक और सामाजिक विकास करना, दूसरों के बहकावे में न आना और पडोसी से सहयोग और व्यापार सम्बन्ध सुधारना।ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5733



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 19 जून को कांग्रेस के वर्तमान राजनीतिज्ञ का जन्मदिवस है (5)
5. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
7. दार्शनिक प्रणाली, राय, वोट (2)
8. धारण करने वाला, वेशधारी (3)
9. रोगी, जिसे कोई मर्ज हो (3)
10. रस्म, प्रथा, रीति (3)
11. झुकाना, लचकाना, अवनमित करवाना (3)
14. पौधा, कढ़ा-बुना हुआ (2)
15. चिरमिरहट, झुलस (3)
16. कुशल, तत्वज्ञ, निपुण (3)
18. महसूस, टैक्स, हस्त, हाथ (2)
19. प्रणाम करता हुआ, अवनमित, झुका हुआ (2)
20. नियम पालन, निष्ठा निर्वाह (3)
21. फलदायक, फल देनेवाला, फलद, सुफल (3)

**ऊपर से नीचे**

1. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध पौराणिक कृति (8)
2. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
3. यह गांधार देशाधिपति सुबल की पुत्री थी शकुनि इनके भाई थे (3)
4. धैर्य, धीरता (3)
6. तीक्ष्ण, कर्तनक्षम, गहन प्रभावी (2)
9. विवश, लाचार, इस नाम की दो फिल्मों के नायक क्रमशःविश्वजीत (1965) व अमिताभ बच्चन (1974) थे (4)
11. जो नजरों से ओझल कर कैद किया गया हो, नजर कैदी (5)
12. क्रय-विक्रय की वस्तु, सुस्वादु भोजन, असबाब, स्वादिष्ट आहार (2)
13. ये सिख संप्रदाय के आदि गुरू थे (3)
17. भलाई, उपकार, कल्याण, अंतर्ग्रहीत (2)
18. कपालास्थि कटोरा, कर्पट, खपरा, संपूर्ण खोपड़ी (3)

**वर्ग पहेली 5732 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चि | ली | | भ | र | त | पु | र |
| त | ना | | ला | म | | का | ज |
| | चं | दा | | ना | दि | र | |
| अ | दा | व | त | | ल | | डं |
| | व | त | न | | ज | मै | का |
| कौ | र | | ब | द | ला | ना | |
| म | क | स | द | | | | रो |
| | र | वा | न | गी | | सो | म |

# भेड़िये जान लें, उनके दिन लद चुके हैं

(शशि शेखर)

गुजरी 22 अप्रैल को पहलगाम नरमेध के बाद देश की रोती-बिलखती बेटियों को देख मेरे मन में आइजाह बर्लिन की उक्ति उभरी थी-भेड़ियों की आजादी, भेड़ों की मौत का सबब बनती है।मैं जानता था कि ये भेड़िये बहुत दिन अपने खून लगे पंजे और दांतों का उत्सव नहीं मना पाएंगे। भारत अब वह देश नहीं रहा जो अपने ऊपर हुए आघात को चुपचाप सहन कर ले। इस कुत्सित कांड के ठीक 15वें दिन भारतीय सेनाओं ने वह कर दिखाया जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था।मंगलवार आधी रात के बाद हिन्दुस्तानी मिसाइलों ने पाक अधिकृत कश्मीर और पंजाब के उन नौ स्थानों को ध्वस्त कर डाला, जो जिहाद के नाम पर इंसानों की औलादों को भेड़ियों में तब्दील करने की फैक्ट्रियां हुआ करते थे। याद करें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि हम दहशत फैलाने वालों को मिट्टी में मिला देंगे। 'ऑपरेशन सिंदूर' के 25 मिनटों में नौ आतंकी ठिकाने और 26 दहशतगर्द, उनके समर्थक वाकई मिट्टी में मिल गए।मोदीराज में हमारी सशस्त्र सेनाओं ने तीसरी बार पाकिस्तान में घुसकर पाकिस्तानियों का मान-मर्दन किया है। क्या यह पर्याप्त है? क्या इससे युद्ध भड़क सकता है? क्या इससे पाक पोषित आतंकवादियों की कमर हमेशा के लिए टूट गई?इन सवालों के जवाब फौरी तौर पर देना नामुमकिन है, लेकिन एक बात तय है कि जो पाकिस्तानी फिलवक्त आतंकवाद को पोसने के धंधे में लगे हैं, उन्हें मालूम पड़ चुका है कि अब हर दुस्साहस की कीमत चुकानी पड़ेगी। रही बात भारत-पाक युद्ध की तो अब यह पाकिस्तान की राजनीतिक बिरादरी और रावलपिंडी में बैठे उनके सैनिक आकाओं को तय करना है। समीक्षकों का एक वर्ग है जो जनरल असीम मुनीर के पुराने भाषण के आधार पर कहता है कि वे जरूर ऐसा कुछ करेंगे जो क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा साबित हो। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मंत्रिमंडल में उनके अलम्बरदार भी ऐसी बातें कर रहे हैं।तय है, अगले कुछ दिन सतर्कता,सन्नद्धता और सजगता के हैं। मुझे इसमें कोई शक नहीं कि सीमाओं की सुरक्षा में सरकार और सेना कोई कोताही बरतेगी लेकिन एक फर्ज हम नागरिकों का भी है - सामाजिक एकता बनाए रखने का। उम्मीद है हमारा समाज इस बार भी वक्त की कसौटी पर खरा उतरेगा।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन करियर में पुराने सहयोगियों की मदद से उन्नति लाने वाला रहेगा। आप अपने आत्मबल और रणनीतिक सोच से कठिन स्थितियों को संभाल लेंगे और अपने कारोबार में तरक्की करेंगे। व्यापार में लाभ की संभावना है, लेकिन कोई बड़ा निर्णय लेने से पहले सलाह अवश्य लें।

**वृष**

आज हर कार्य में सावधानी बरतने की सलाह है। आपको जायदाद या संपत्ति से जुड़े मामलों में सावधानी बरतनी होगी, खासकर कानूनी दस्तावेजों में। किसी महत्वपूर्ण सौदे में असमंजस की स्थिति बनेगी, बेहतर होगा कि अभी कोई बड़ा फैसला टाल दें। नौकरी में उच्च अधिकारियों का दबाव रह सकता है।

**मिथुन**

आज दिन असमंजस से भरा रहने वाला है। कारोबार में पूंजी की कमी खल सकती है, लेकिन लोन लेने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई पुराना कर्ज भी धीरे-धीरे चुकता होने लगेगा जिससे मानसिक शांति मिलेगी।

**कर्क**

आज दिन करियर और कारोबार के मामले में लाभ से भरा होगा। ग्रहों की अनुकूलता से आपको करियर में स्थिरता मिलेगी। साझेदारी में किया गया कार्य लाभदायक रहेगा। व्यापारियों को नए ग्राहक और ऑर्डर मिलने के संकेत हैं।

**सिंह**

आज दिन करियर के लिहाज से चुनौतीपूर्ण रहेगा लेकिन आपकी सूझबूझ से स्थिति नियंत्रण में रहेगी। उच्च अधिकारी से अनबन से बचें वरना यह आपकी छवि को प्रभावित कर सकता है। नौकरी बदलने की सोच रहे हैं तो थोड़ा और इंतजार करें, जल्द ही अच्छा अवसर मिलेगा।

**कन्या**

आज धन सम्?मान के मामले में जबर्दस्?त लाभ होगा। पुराने शत्रुओं से छुटकारा मिलेगा और करियर में राहत की सांस लेंगे। काम में एकाग्रता बढ़ेगी जिससे समय पर लक्ष्य पूरे कर पाएंगे। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

**तुला**

आज लाभ का दिन है। करियर में विशेष उपलब्धियों के संकेत हैं। व्यापार में नई योजनाओं की शुरुआत करने का समय है जो भविष्य में लाभप्रद सिद्ध होंगी। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या किसी नए प्रॉजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है। विशेष रूप से यदि आप बैंकिंग, शिक्षा, क़ानून या प्रशासनिक क्षेत्र में हैं।

**वृश्चिक**

आज दिन उन्?नति से भरा होगा। कोई वरिष्ठ अधिकारी या प्रभावशाली व्यक्ति आपके करियर को नई दिशा दे सकता है। विशेषकर वे लोग जो मीडिया, लेखन, राजनीति या पुलिस सेवा से जुड़े हैं। व्यापार में कोई नया निवेश लाभ देगा लेकिन बड़े निर्णयों में धैर्य रखें।

**धनु**

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपकी मेहनत रंग लाएगी और धन लाभ के अच्छे संकेत हैं। नौकरी में तरक्की के द्वार खुल सकते हैं, खासकर जिनकी प्रोफाइल में नेतृत्व की भूमिका है। कोई बड़ा क्लाइंट मिल सकता है जिससे व्यापार में स्थायित्व आएगा। किसी डील में लाभ होगा।

**मकर**

आज करियर के मामले में धन लाभ होगा। धन संबंधी मामलों में विशेष सतर्कता बरतें, किसी धोखाधड़ी की आशंका है। करियर में कुछ झंझटों का सामना करना पड़ सकता है लेकिन आपकी कूटनीति काम आएगी। ऑफिस में प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, शांत रहकर काम करें।

**कुंभ**

आज दिन अनुकूल है। आपको पुराने अटके हुए कार्य पूरे होने से राहत मिलेगी। आर्थिक रूप से दिन ठीक रहेगा लेकिन निवेश में जोखिम न लें। सरकारी नौकरी वालों के लिए पदोन्नति या नई जिम्?मेदारी मिलने के संकेत हैं। व्यवसाय में नया अनुबंध मिल सकता है जिससे आय में वृद्धि होगी।

**मीन**

आज लाभ होगा। धन और करियर दोनों क्षेत्रों में सकारात्मकता बनी रहेगी। नौकरी में प्रशंसा और तरक्की के संकेत हैं। कोई पुराना भुगतान प्राप्त हो सकता है जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। व्यापार में नए सौदे या पार्टनरशिप की संभावना है। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता के चलते खर्च बढ़ सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## कानूनी कार्रवाई की तैयारी में ओडिशा सरकार

### दीघा मंदिर को लेकर ममता पर भड़की



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा सरकार और पश्चिम बंगाल के बीच भगवान जगन्नाथ को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने गुरुवार को बताया कि दीघा में बने नए जगन्नाथ मंदिर को धाम कहे जाने पर राज्य सरकार गंभीर आपत्ति जता चुकी है और अब कानूनी रास्ता अपनाने पर विचार किया जा रहा है। हरिचंदन ने कहा कि इस मुद्दे पर कानूनी विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा चल रहा है और जल्द ही कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया, पश्चिम बंगाल सरकार को इस बारे में पत्र लिखा गया था, लेकिन अब तक कोई जवाब नहीं आया है। हम 'धाम' शब्द के इस्तेमाल पर कानूनी विकल्पों की जांच कर रहे हैं। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 30 अप्रैल को दीघा में नए बने जगन्नाथ मंदिर का उद्घाटन करते हुए उसे 'जगन्नाथ धाम' कहा था। इसी शब्द ने ओडिशा में विवाद खड़ा कर दिया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने 6 मई को ममता बनर्जी को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि दीघा के मंदिर को धाम न कहा जाए। ओडिशा सरकार का दावा है कि सिर्फ पुरी का 12वीं सदी का ऐतिहासिक जगन्नाथ मंदिर ही धाम कहलाने का अधिकार रखता है। पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गजपति महाराज दिव्यसिंह देव ने भी दीघा मंदिर को 'धाम' कहे जाने पर कड़ा ऐतराज जताया है। साथ ही पुरी के दो शंकराचार्य भी इस नामकरण के खिलाफ हैं।

## इराकी जहाज के साथ कर्नाटक आया पाकिस्तानी नागरिक

### भारत ने नहीं दी उतरने की इजाजत, फोन जब्त



**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के करवार बंदरगाह पर एक इराकी मालवाहक जहाज एमटी आर ओशन के चालक दल में शामिल एक पाकिस्तानी नागरिक को भारत में प्रवेश करने से रोक दिया गया। यह जहाज 11 मई की रात को इराक के अल जुबैर से बिटुमेन (डामर) लेकर करवार बंदरगाह पर पहुंचा था। बंदरगाह अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तानी और सीरियाई नागरिकों को जहाज से उतरने की अनुमति नहीं दी और उनके मोबाइल फोन सहित सभी दस्तावेज जब्त कर लिए। यह निर्णय 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा सतर्कता के तहत लिया गया। उस हमले में 26 लोगों की जान गई थी, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। वरिष्ठ बंदरगाह अधिकारी ने बताया कि जहाज के चालक दल में कुल 18 सदस्य थे, जिनमें 15 भारतीय, एक पाकिस्तानी और दो सीरियाई नागरिक शामिल थे। यह जहाज इराक के अल जुबैर बंदरगाह से चलकर भारत आया था और इसमें बिटुमिन लदा हुआ था। बंदरगाह पर जब यह पोत पहुंचा, तो निरीक्षण के दौरान पाकिस्तानी और सीरियाई नागरिकों की मौजूदगी ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया। इसके बाद कोस्टल सिक्योरिटी पुलिस और अन्य सुरक्षा अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन तीनों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए, ताकि वे बाहर किसी से संपर्क न कर सकें। इन तीनों विदेशी नागरिकों को दो दिनों तक जहाज पर ही रखा गया। जहाज से माल उतरवा लिया गया। बंदरगाह अधिकारी ने बताया, हालांकि अंतरराष्ट्रीय मालवाहक जहाजों पर विभिन्न देशों के नागरिक चालक दल के रूप में होते हैं, लेकिन भारतीय बंदरगाहों पर उतरने के लिए उन्हें विशेष अनुमति की आवश्यकता होती है। मौजूदा सुरक्षा हालातों को देखते हुए यह अनुमति नहीं दी गई। बंदरगाह सूत्रों के अनुसार, जहाज 14 मई की सुबह 9-20 बजे शारजाह के लिए रवाना हो गया। कोस्टल सिक्योरिटी पुलिस के निरीक्षक निशचल कुमार ने पुष्टि करते हुए कहा, तीनों को मोबाइल फोन के इस्तेमाल से मना किया गया और जहाज के साथ ही वापस भेज दिया गया। तटीय निगरानी बढ़ा दी गई है और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इस घटनाक्रम के बीच भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ एक के बाद एक कड़े कदम उठाए हैं। हाल ही में केंद्र सरकार ने भारत में रह रहे सभी पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द कर दिए थे और उन्हें तत्काल देश छोड़ने के निर्देश दिए थे। इसके अलावा किसी भी पाकिस्तानी झंडे वाले पोत को भारतीय बंदरगाहों पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में पकड़ाई बांग्लादेशी महिला, हिंदू नाम बताकर रह रही थी



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले से पुलिस ने एक बांग्लादेशी मुस्लिम महिला को गिरफ्तार किया है, जो कि यहां नाम हिंदू नाम रखकर अवैध रूप से रह रही थी। मामले की जानकारी देते हुए गुरुवार को पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला को जिले के सुपेला थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जहां पर वह नाम बदलकर रह रही थी। उसने अपनी पहचान काकोली घोष उर्फ अंजलि सिंह के रूप में बताई थी। जबकि उसका असली नाम पन्ना बीबी (25) है, जो कि बांग्लादेश के खुलना जिले के दिधिरपार की रहने वाली है। पुलिस ने बताया कि वह दिल्ली से आई थी, जहां पर वह करीब एक साल रही थी। पुलिस जांच के दौरान और महिला की कॉल डिटेल्स से पता चला कि पिछले दो साल से यहां रह रही महिला ना केवल कई बार बांग्लादेश होकर आ चुकी थी, बल्कि बांग्लादेश के लगभग एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल नंबरों से लगातार संपर्क में भी थी। महिला के पास पुलिस को जो आधार कार्ड मिला वह भी फर्जी निकला है। दुर्ग के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में अवैध रूप से घुसपैठ करके आए बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों की पहचान करने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुर्ग जिले में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया है। बुधवार 14 मई को एसटीएफ को जानकारी मिली कि सुपेला के नेहरू रोड इलाके में सूरज साव के मकान में बांग्लादेश की एक महिला अपनी मूल पहचान छुपाते हुए काकोली घोष उर्फ अंजली सिंह के नाम से रह रही है। सूचना मिलते ही एसटीएफ ने उस जगह पर जाकर दबिश देते हुए महिला को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम अंजली सिंह बताया और कहा कि वह पूर्वी दिल्ली, नांगलोई की रहने वाली है। पहचान साबित करने के लिए उसने अंजली सिंह के नाम से बना अपना आधार कार्ड भी दिखाया, जो पुलिस को संदिग्ध लगा और जांच में फर्जी पाया गया। इसके बाद जब पुलिस ने महिला से सख्ती से पूछताछ की तो सबकुछ उगल दिया। उसने अपना असली नाम पन्ना बीवी और पिता का नाम अब्दुल रऊफ बताया। महिला ने बताया कि वह बांग्लादेश के खुलना जिले की रहने वाली है और लगभग आठ साल पहले बगैर वैध पासपोर्ट और वीजा के अवैध रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के बोंगांव पेट्रोपोल के जरिए भारत में घुसी थी। वह कोलकाता शहर पहुंची और करीब 5 साल तक काकोली घोष नाम से सोनागाछी में अवैध रूप से रही। इसके बाद वह वहां से वह दिल्ली पहुंची और सालभर रही। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में रहने के दौरान उसकी पहचान भिलाई की रहने वाली पूजा नाम की लड़की से हुई, और इसके बाद वह उसके साथ भिलाई आ गई। पिछले दो साल से वह नेहरू चौक सुपेला में रहने वाले सूरज साव के मकान में किराये पर रह रही थी। यहां पर भी उसने अपनी पहचान काकोली घोष उर्फ अंजली सिंह बताते हुए किराये पर मकान लिया था। वहां उसकी पहचान भिलाई निवासी पूजा नाम की लड़की से हुई और दो साल पहले वह उसके साथ यहां आ गई। एसपी ने बताया कि वह काकोली घोष/अंजलि सिंह नाम से सुपेला में रह रही थी।

**भिलाई में रहते हुए कई बार बांग्लादेश होकर आई थी महिला :** अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि भारत में रहने के दौरान पन्ना बीबी भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पारकर कई बार बांग्लादेश स्थित अपने मूल घर भी गई थी। जब पुलिस ने महिला के मोबाइल की जांच की तो पाया गया कि महिला ने अपने मोबाइल फोन से बांग्लादेश के लगभग एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल नंबरों पर (पिता, भाई, बहन एवं अन्य रिश्तेदारों) लगातार बात की है और वह लगातार उनके संपर्क में थी। महिला ने पुलिस को जो आधार कार्ड दिखाया था वह भी फर्जी था तथा उसे भी छेड़छाड़ करके बनाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने महिला को विदेशी विषयक अधिनियम 1946, पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 तथा भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार मकान मालिक द्वारा किरायेदार के संबंध में किसी प्रकार की सूचना थाने में नहीं दी गई थी, जिसके बाद पुलिस भी मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।



## राजस्थान में मंत्रिमंडल फेरबदल की सुगबुगाहट तेज!

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान की राजनीति में बड़े फेरबदल की सुगबुगाहट तेज होने लगी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दिल्ली रवाना होते ही भाजपा में मंत्रिमंडल विस्तार और प्रदेश कार्यकारिणी को लेकर हलचल तेज हो गई है। हाईकमान से मिल रहे संकेतों के मुताबिक, 30 मई से पहले देशभर में भाजपा संगठन और सरकारों में लंबित नियुक्तियों का निपटारा किया जा सकता है। ऐसे में राजस्थान के कई दावेदारों की धड़कनें तेज हो गई हैं। प्रदेश में फिलहाल पांच मंत्री पद खाली हैं, और खबर ये भी है कि कुछ मंत्रियों की छुट्टी की तैयारी भी हो रही है। हाल ही में गुजरात में आयोजित भाजपा विधायकों की वर्कशॉप में मौजूद मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड पेश किया गया था। सूत्रों का कहना है कि कई नामों पर नाराजगी सामने आई है।

प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उस वर्कशॉप के बाद तीखा बयान देकर संकेत दे दिया था कि परिवार के बड़े कभी खुश नहीं होते, अपेक्षाएं हमेशा अधिक होती हैं। यही बयान अब कई मंत्रियों के लिए खतरे की घंटी बन गया है। वहीं, मंत्रिमंडल में एंट्री के लिए भी होड़ मची है। सिविल लाइंस से विधायक गोपाल शर्मा और हवा महल से बालमुकुंद आचार्य नए चेहरे के तौर पर जोर लगा रहे हैं। साथ ही अनीता बघेल, राजेन्द्र भांबू, रेवत राम डांगा, प्रताप पुरी और जेठानंद व्यास जैसे नाम भी जोरदार दावेदारी में हैं। प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की घोषणा भी अब सिर पर है। 167 पदों पर नियुक्ति होनी है लेकिन इच्छुक कार्यकर्ताओं की संख्या सैकड़ों में है। पार्टी में रसूखदार नेता अपने खासमखास को जगह दिलाने के लिए एड़ी से चोटी तक का जोर लगा रहे हैं। मदन राठौड़ पहले ही संकेत दे चुके हैं कि काम करने वालों को ही जगह मिलेगी – ऐसे में पुराने निष्ठावान कार्यकर्ताओं की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

## गुरुग्राम में 15 प्राइमरी स्कूल किए जाएंगे बंद

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम जिले में सौ मीटर से कम दूरी बने 15 प्राथमिक स्कूलों को बंद किया जाएगा। हरियाणा मौलिक शिक्षा के महानिदेशक की ओर से जिला शिक्षा विभाग से ऐसे स्कूलों की दो दिन में लिस्ट मांगी गई है। शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय प्राथमिक और राजकीय कन्या प्राथमिक स्कूलों की सूची तैयार जा रही है। इनमें स्कूलों को मर्ज करके कन्या प्राथमिक स्कूलों को बंद किया जाएगा। हरियाणा मौलिक शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक की ओर से शिक्षा विभाग को जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश में कुल 194 राजकीय प्राथमिक पाठशाला तथा राजकीय कन्या प्राथमिक पाठशाला की दूरी 100 मीटर से कम है। इनकी सूची जिले के खंड स्तर पर तथा डीडीओ स्तर पर बनाए। इन स्कूलों की पुष्टि करवाएं कि सूची में यह मौजूद है। जिले से संबंधितत है अथवा नही की जांच करते हुए अपनी टिप्पणी समेत दो दिन के अंदर यानी 14 मई तक निदेशालय को भेजा जाए। इसके इलावा जिले में उक्त सूची के अलावा यदि अन्य कोई स्कूल है, तो उसकी टिप्पणी करते हुए सूची में डालकर निदेशालय की ई-मेल पर हर हाल में भेजना सुनिश्चित करें। प्राथमिक शिक्षक संघ ने किया विरोध - जिला प्राथमिक शिक्षक संघ ने 100 मीटर से कम दूरी वाले प्राथमिक स्कूलों को बंद करने का विरोध किया है।

# दुनिया को मिलकर बताएंगे पाकिस्तान का सच



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच में तनाव तेजी के साथ बढ़ गया था। ऑपरेशन सिंदूर के बाद चार दिनों तक रॉकेट्स और ड्रोन्स की लड़ाई के बाद दोनों देश फिलहाल सीजफायर पर बने हुए हैं। अब भारत सरकार पाकिस्तान के आतंकवाद समर्थक चेहरे को दुनिया के सामने खुलकर लाने के लिए नए कदम उठाने जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार, पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए मल्टी पार्टी डेलीगेशन को विदेश भेजने की तैयारी कर रही है। द हिंदू की रिपोर्ट के मुताबिक विदेशों में भारत की तमाम राजनैतिक पार्टियों के सदस्यों के साथ भेजे जाने वाले इस प्रतिनिधिमंडल का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष पाकिस्तान से निकलने वाले आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करना है। सूत्रों के मुताबिक सरकार इस मुद्दे को लेकर सभी पार्टियों से बातचीत कर रही है। सरकार का उद्देश्य सीमा पार से आने वाले आतंकवाद पर देश भर की पार्टियों को एक साथ लाने का है। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत सरकार की तरफ से विदेश जाने वाला यह डेलीगेशन मुख्य तौर पर पांच उद्देश्यों पर अपना एजेंडा सामने रखेगा। पहला उद्देश्य पाकिस्तान की तरफ से आने वाले आतंकवादियों का भारतीय नागरिकों और भारतीय फौज पर हमला करना, जिसकी वजह से ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता पड़ी। दूसरा उद्देश्य इस बात पर जोर देना कि आतंकवाद के खिलाफ आखिरकार ऑपरेशन सिंदूर जैसी प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता क्यों पड़ी। तीसरा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को इस बात से अवगत कराना की अगर पाकिस्तान की तरफ से फिर कोई हरकत या आतंकी गतिविधि की जाती है तो भविष्य में भी ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई की जा सकती है। इसके अलावा चौथा उद्देश्य, दुनिया के सामने इस बात को स्पष्ट तरीके से रखना कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान केवल और केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया था। इसका पाँचवाँ उद्देश्य आतंकवाद को बढ़ाना देने में पाकिस्तान की भूमिका पर दुनिया के सामने प्रकाश डालना शामिल होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक सभी पार्टियों के सदस्यों को मिलाकर बनाए जाने वाला यह प्रतिनिधिमंडल विदेशी सरकारों, थिंक टैंकों और मीडिया आउटलेट्स के साथ बातचीत करेगा ताकि पाकिस्तान की धरती से लगातार पैदा हो रहे आतंकवाद को लेकर ऑपरेशन सिंदूर की आवश्यकता पर भारत की सोच को प्रदर्शित किया जा सके। प्रतिनिधिमंडल की संरचना कैसी होगी इस पर फिलहाल विचार किया जा रहा है। क्योंकि सरकार सीमा पार से आने वाले आतंकवाद को लेकर सभी दलों के दृष्टिकोण को अपनाना चाहती है। अगर यह प्रतिनिधिमंडल विदेश जाकर सरकार और भारत के पक्ष की बातें रखता है तो इतिहास में यह पहली बार नहीं होगा कि विपक्षी सांसद देश की बात रखने के लिए सरकार के पक्ष में बात करेंगे। इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने तत्कालीन विपक्ष के नेता अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक बहुपक्षीय दल को यूएनएचआसी में भेजा था।

## सीएम ने बिना सुने दिया जवाब, विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित बयान पर रामगोपाल की सफाई





**लखनऊ, एजेंसी।** विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर विवादित बयान पर मचे सियासी बवाल के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने शुक्रवार को सफाई दी है। उन्होंने सीएम योगी के ट्वीट पर जवाब देते हुए कहा कि आश्चर्यजनक है कि पूरा बयान सुने बिना जवाब दे दिया है। उन्होंने कई आरोप भी लगाए हैं । शुक्रवार सुबह सोशल मीडियो साइट ऐक्स पर पोस्ट कर लिखा कि उत्तर भारत के कुछ राज्यों में विशेषकर उत्तर प्रदेश में जहां धर्म, जाति और वर्ग देखकर लोगों पर फ़र्ज़ी मुकदमे लगाए जा रहे हों, जाति धर्म के आधार पर एनकाउंटर किये जा रहे हों, जाति धर्म के आधार पर गैंगस्टर लगा कर संपत्ति जब्त की जा रही हो, जाति धर्म और वर्ग देखकर महिलाओं पर अत्याचार किए जारहे हों। जाति-धर्म और वर्ग देख कर कर्मचारियों और अधिकारियों की पोस्टिंग्स की जातीं हो। ऐसी विकृत मानसिकता के लोगों के वारे में कल मैंने एक कार्यक्रम में कहा था कि कर्नल सोफिया का धर्म नाम से पहचान लिए इसलिए गाली दी गई। विदेश सचिव मिस्त्री को गाली दीं गई। अगर इन गाली वाजों को ये पता चल जाता की व्योमिका सिंह जाटव हैं और एयर मार्शल अवधेश भारती यादव हैं तो ये इन अफसरों को भी गालियां देने से बाज नहीं आते। मुझे आश्चर्य इस बात का है कि जिस मुख्यमंत्री की नाक के नीचे अल्पसंख्यकों, दलितों और पिछड़ों पर अकल्पनीय अत्याचार हो रहे हों उन्होंने मेरा पूरा बयान बगैर सुने ही ट्वीट कर दिया। जिन मीडिया चैनलों ने इस्लामाबाद और रावलपिंडी पर कब्जा कर लिया था उनसे मुझे कोई शिकायत नहीं क्योंकि उन पर सत्ता पक्ष के अलावा किसी को विश्वास नहीं। आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव द्वारा गुरुवार को मुरादाबाद में विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर दिए बयान पर विवाद उठ खड़ा हुआ है। राम गोपाल के बयान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के कई नेताओं ने पलटवार किया है।

## सीमाई विवाद से जयपुर के पर्यटन पर लगा ब्रेक, 80प्रतिशत बुकिंग्स रद्द!



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान, जो अपनी ऐतिहासिक धरोहर, रंगीन संस्कृति और लुभावने पर्यटक स्थलों के लिए विश्वभर में मशहूर है, आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां पर्यटकों की संख्या में लगातार गिरावट देखी जा रही है। खासकर पाकिस्तान और भारत के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव का असर राजस्थान के पर्यटन उद्योग पर गहरा पड़ा है। राजस्थान का पर्यटन उद्योग, जो हमेशा से ही राज्य की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अब संकट का सामना कर रहा है। राजस्थान के प्रमुख होटलों में इस समय 80 प्रतिशत बुकिंग्स रद्द हो चुकी हैं। होटल संचालक और ट्रैवल एजेंट्स अब इस स्थिति से जूझते नजर आ रहे हैं। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान के मुताबिक, हमारे लिए यह समय बहुत कठिन है, क्योंकि लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। हम उम्मीद करते हैं कि स्थिति जल्द सामान्य होगी। राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा सा पसरा है। जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर और जयपुर जैसे शहरों में पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। विदेशी पर्यटकों की आवक तो लगभग आधी रह गई है, जबकि स्थानीय पर्यटकों की संख्या भी लगातार घट रही है। ये प्रभाव विशेष रूप से उन महीनों में देखा जा रहा है, जब राज्य में पर्यटन का ऑफ सीजन होता है यानी अप्रैल से लेकर सितंबर तक। पहलगाम हमले के बाद से, जो कि एक बड़ा सुरक्षा संबंधित मामला था, पर्यटकों में असुरक्षा का अहसास बढ़ा है। यह असुरक्षा का भाव, चाहे वह विदेशी पर्यटक हो या स्थानीय, उन्होंने अपनी यात्रा की योजना रद्द करने में ही भलाई समझी है। होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन का भी कहना है, हमारी प्राथमिकता इस समय पर्यटकों की सुरक्षा है। हम उन्हें पूरा रिफंड दे रहे हैं ताकि उनका विश्वास बना रहे। जयपुर में, जहां आमेर महल और हवामहल जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थल हैं, इन स्थलों पर आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। एक पर्यटक के रूप में, इन ऐतिहासिक स्थलों के अद्वितीय सौंदर्य और सांस्कृतिक महत्व का अनुभव करना एक अविस्मरणीय अनुभव है। लेकिन इस समय, जो स्थिति बन गई है, वह न केवल होटल उद्योग के लिए बल्कि पर्यटन प्रेमियों के लिए भी निराशाजनक है।

## सीमाई विवाद से जयपुर के पर्यटन पर लगा ब्रेक, 80प्रतिशत बुकिंग्स रद्द!



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान, जो अपनी ऐतिहासिक धरोहर, रंगीन संस्कृति और लुभावने पर्यटक स्थलों के लिए विश्वभर में मशहूर है, आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां पर्यटकों की संख्या में लगातार गिरावट देखी जा रही है। खासकर पाकिस्तान और भारत के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव का असर राजस्थान के पर्यटन उद्योग पर गहरा पड़ा है। राजस्थान का पर्यटन उद्योग, जो हमेशा से ही राज्य की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अब संकट का सामना कर रहा है। राजस्थान के प्रमुख होटलों में इस समय 80 प्रतिशत बुकिंग्स रद्द हो चुकी हैं। होटल संचालक और ट्रैवल एजेंट्स अब इस स्थिति से जूझते नजर आ रहे हैं। होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान के मुताबिक, हमारे लिए यह समय बहुत कठिन है, क्योंकि लगभग 500 करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है। हम उम्मीद करते हैं कि स्थिति जल्द सामान्य होगी।

राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सन्नाटा सा पसरा है। जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर और जयपुर जैसे शहरों में पर्यटकों की संख्या में गिरावट आई है। विदेशी पर्यटकों की आवक तो लगभग आधी रह गई है, जबकि स्थानीय पर्यटकों की संख्या भी लगातार घट रही है। ये प्रभाव विशेष रूप से उन महीनों में देखा जा रहा है, जब राज्य में पर्यटन का ऑफ सीजन होता है यानी अप्रैल से लेकर सितंबर तक। पहलगाम हमले के बाद से, जो कि एक बड़ा सुरक्षा संबंधित मामला था, पर्यटकों में असुरक्षा का अहसास बढ़ा है। यह असुरक्षा का भाव, चाहे वह विदेशी पर्यटक हो या स्थानीय, उन्होंने अपनी यात्रा की योजना रद्द करने में ही भलाई समझी है। होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन का भी कहना है, हमारी प्राथमिकता इस समय पर्यटकों की सुरक्षा है।

हम उन्हें पूरा रिफंड दे रहे हैं ताकि उनका विश्वास बना रहे। जयपुर में, जहां आमेर महल और हवामहल जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थल हैं, इन स्थलों पर आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है। एक पर्यटक के रूप में, इन ऐतिहासिक स्थलों के अद्वितीय सौंदर्य और सांस्कृतिक महत्व का अनुभव करना एक अविस्मरणीय अनुभव है। लेकिन इस समय, जो स्थिति बन गई है, वह न केवल होटल उद्योग के लिए बल्कि पर्यटन प्रेमियों के लिए भी निराशाजनक है। यहां तक कि, मौसम की स्थिति भी इस बार अनुकूल रही थी, जिससे जनवरी से अप्रैल तक पर्यटन का दौर ठीक-ठाक था। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। राजस्थान का जो आकर्षण एक समय पर्यटकों को खींच लाता था, वह अब थोड़ा फीका पड़ गया है, और इसका असर न सिर्फ होटल कारोबार पर पड़ा है, बल्कि राज्य की आर्थिक स्थिति पर भी हो रहा है। लेकिन, उम्मीद की एक किरण बाकी है। राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और अद्वितीय स्थल फिर से पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करेंगे।

# टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं।



### बुमराह बड़े दावेदार, फिटनेस परेशानी

जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बॉलिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका।बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुमराह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है।फिर भी अगर

## फिटनेस की वजह से पिछड़ सकते हैं बुमराह, युवा शुभमन और पंत भी दावेदार

बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुमराह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है।

### ऋषभ पंत इंग्लैंड में सेंचुरी लगा चुके

भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फॉर्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं।पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फॉर्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है।

### शुभमन कप्तानी की रेस में सबसे आगे

शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं। शुभमन 25 साल के हैं और लगभग इसी उम्र में विराट ने भी कप्तानी संभाल ली थी।अगर शुभमन अभी कप्तान नहीं भी बने तो टीम उन्हें उप कप्तान बनाकर आगे के लिए तैयार कर सकती है।

## आईपीएल 2025 शुरू होने से पहले तिरुपति मंदिर पहुंचे संजीव गोयनका, मांगीं मन्नतें



**तिरुमाला (आंध्र प्रदेश) (एजेंसी)।** आरपी-संजीव गोयनका ग्रुप के चेयरमैन और लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल टीम के मालिक संजीव गोयनका और उनके परिवार ने तिरुपति तिरुमाला मंदिर में दर्शन किए और प्रार्थना की। भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित यह मंदिर, जो भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, भारत के सबसे अधिक दर्शन किए जाने वाले धार्मिक स्थलों में से एक है, जो हर साल लाखों भक्तों को आकर्षित करता है।

संजीव गोयनका और उनके परिवार का मंदिर दर्शन भारतीय प्रीमियर लीग के इस सीजन के फिर से शुरू होने से एक दिन पहले हुआ। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया था। इससे पहले गुरुवार को, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज मयंक यादव को चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शेष सीजन से बाहर कर दिया गया। आईपीएल ने एक बयान जारी कर इस फैसले की घोषणा की। 22 वर्षीय यादव को न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओराउरके ने रिप्लेस किया है। उन्हें पीठ की चोट है।

### लखनऊ सुपर जायंट्स की स्थिति

लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) वर्तमान में आईपीएल 2025 अंक तालिका में 7वें स्थान पर है, उनके पास 11 मैचों में 10 अंक हैं।उनकी नेट रन रेट (एनआरआर) -0.469 है। एलएसजी ने 14 लीग मैचों में से 5 जीते और 6 हारे हैं। प्लेऑफ में क्वालीफाई करने की उनकी संभावनाएं कम हैं, क्योंकि शीर्ष चार टीमें (गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, पंजाब किंग्स, और मुंबई इंडियंस) के पास 14 से 16 अंक हैं। लखनऊ को अपने बाकी बचे मैच जीतने होंगे और अन्य टीमों के परिणामों पर निर्भर रहना होगा।

## मयंक यादव साल में तीसरी बार चोटिल, आईपीएल से हुए बाहर, बीसीसीआई पर उठे सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (पूर्व में एनसीए) को उस समय शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा, जब भारत के उभरते तेज गेंदबाज मयंक यादव को पीठ की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों से बाहर होना पड़ा। लखनऊ सुपर जायंट्स ने घोषणा की कि मयंक की जगह न्यूजीलैंड के विलियम ओ'राउरके शेष टूर्नामेंट के लिए टीम में शामिल होंगे। मयंक ने छह महीने के 'रिहैबिलिटेशन' के बाद वापसी की थी, लेकिन दो मैचों में 8 ओवरों में 100 रन देकर केवल 2 विकेट ले सके। उनकी गेंदबाजी की गति में 15 किमी प्रति घंटे की कमी देखी गई और उनके गेंदबाजी एक्शन में भी बदलाव नजर आया। रिकॉर्ड के अनुसार, मयंक ने 30 मार्च 2024 से 4 मई 2025 के बीच 9 टी20 मैच खेले, जिसमें पिछले साल लखनऊ के लिए 4 मैच शामिल थे, जहां उन्होंने 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर सुर्खियां बटोरी थीं।



## आईसीसी के फैसले से टीम इंडिया की बल्ले-बल्ले, डब्ल्यूटीसी फाइनल के बाद मिलेगा मोटा पैसा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लॉर्ड्स में एक महीने से कम समय में होगा। आईसीसी ने पुष्टि की कि विजेता को 3.6 मिलियन डॉलर (लगभग 30.79 करोड़ रुपए) मिलेंगे, जो पिछले संस्करणों (2021 और 2023) के 1.6 मिलियन डॉलर से दोगुना है। कुल पुरस्कार राशि 5.76 मिलियन डॉलर है, जो पहले के चक्रों से अधिक है। उपविजेता को 2.16 मिलियन डॉलर (लगभग 18.48 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जो पिछले 0.8 मिलियन डॉलर से काफी ज्यादा है। तीसरे स्थान पर रही भारत को 12.32 करोड़ रुपये मिलेंगे। आईसीसी ने कहा कि इस चक्र में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिसमें खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन और फाइनल में दो मजबूत टीमों का मुकाबला क्रिकेट का उत्सव है।

आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच लॉर्ड्स में होने वाला मुकाबला दुनिया भर के प्रशंसकों को शानदार टेस्ट क्रिकेट का अनुभव देगा। उन्होंने दोनों टीमों को इस ऐतिहासिक मैच के लिए शुभकामनाएं दीं। दक्षिण अफ्रीका, 2023-25 डब्ल्यूटीसी स्टैंडिंग में शीर्ष पर रही, ने पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज जीतकर और भारत के साथ घरेलू ड्रॉ के साथ फाइनल में जगह बनाई। यह उनकी पहली डब्लूयटीसी खिताब जीतने की कोशिश होगी। कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि फाइनल में पहुंचना हमारे लिए बड़ा अवसर है। टेस्ट क्रिकेट के महत्व को समझते हुए, हम लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। 11 जून को होने वाले इस मुकाबले के लिए उत्साह चरम पर है।



ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 3-1 से हराकर 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्रवेश किया। न्यूज़ीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू व विदेशी सीरीज में जीत और पाकिस्तान को 3-0 से रौंदने के साथ उन्होंने अपनी जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया का लक्ष्य टूर्नामेंट के पहले दो बार चैंपियन बनकर इतिहास रचना है। कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी खिताब का बचाव करना गर्व की बात है।

## बार्सिलोना 28वीं बार बना ला लीगा चैंपियन, यमल के शानदार गोल से जीती टीम

**बार्सिलोना, एजेंसी**

स्पेन के स्टार युवा फुटबॉलर लामिन यमल के शानदार गोल की बदौलत बार्सिलोना ने गुरुवार को एस्पेनयॉल को 2-0 से हराकर दो मैच शेष रहते हुए 28वीं बार ला लीगा का खिताब को अपने नाम किया। ला लीग स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग है।



### यमल और लोपेज ने दागे गोल

मैच का पहला हाफ गोल रहित छूटने के बाद 17 साल के यमल ने 53वें मिनट में गोल कर बार्सिलोना को बढ़त दिलाई और फेरमिन लोपेज ने स्टॉपेज समय (90+5 मिनट) में गोल कर टीम की 2-0 से जीत पक्की कर दी। एफसी बार्सिलोना की यह 36 मैचों में 27वीं जीत है और टीम ने 85 अंक के साथ खिताब पक्का कर लिया। दूसरे स्थान पर काबिज रियल मैड्रिड के इतने ही मैचों में 78 अंक है और अब उसके लिए बार्सिलोना की बराबरी करना संभव नहीं है।

### यमल की शानदार ड्रिब्लिंग

यमल ने एस्पेनयॉल के दो डिफेंडरों को छकाते हुए अपने चिर-परिचित अंदाज में बायें पैर से गोल पोस्ट कॉर्नर में गेंद को मार कर अपने इस शानदार सत्र को और यादगार बनाया। पिछले साल स्पेन को यूरो कप जीतने में अहम भूमिका निभाने वाले यमल ने अपनी ड्रिबलिंग और प्लेमेकिंग की कौशल से सभी को प्रभावित किया और बताया कि क्यों उन्हें आने वाले समय का सुपरस्टार कहा जाता है। यमल के साथ राफिन्हा, पेड्री जैसे दिग्गज खिलाडियों ने इस सत्र में बार्सिलोना के अभियान को यादगार बना दिया।

### पेड्री का 200वां मैच बना खास

22 साल के पेड्री का यह बार्सिलोना के लिए 200वां मैच था। एस्पेनयॉल को 80वें मिनट के बाद 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। लिआंड्रो कैबरेरा को गेंद को लेकर विवाद करते समय यमल के पेट पर गेंद मारने के कारण रेड कार्ड दिखा गया। लोपेज ने स्टॉपेज समय में गोल कर टीम की जीत पर मुहर लगा दी।

### मेसी ने भी पुरानी टीम को दी बधाई

दिग्गज लियोनेल मेसी ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये अपनी पुरानी टीम को चैंपियन बनने की बधाई दी। रियल मैड्रिड ने भी अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी को एक्स पर बधाई दी, जबकि बार्सीलोना के हजारों प्रशंसक शहर के मुख्य क्षेत्र में इस खिताब का जश्न मनाया।

एक कार दुर्घटना के कारण शुरुआती मिनटों में रेफरी ने खेल को कुछ समय के लिए रोक दिया था। यहां के आरसीडीई स्टेडियम के बाहर भीड़ में कार के घुसने ये कई लोग घायल हो गए थे।अधिकारियों ने हालांकि कहा कि यह एक दुर्घटना थी और इसका इस मैच से कोई संबंध नहीं था।

### ला लीगा के अन्य मैचों का हाल

अन्य मैचों में चौथे स्थान पर काबिज एथलेटिक बिलबाओ ने गेटाफे पर 2-0 से जीत हासिल कर चैंपियंस लीग में अपनी जगह पक्की की। तीसरे स्थान पर मौजूद एटलेटिको मैड्रिड को ओसासुना के खिलाफ 2-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि रियल बेटिस को रेयो वैलेकानो के साथ 2-2 से ड्रा खेलने के बाद चैंपियंस लीग के क्वालिफिकेशन के लिए पांचवें स्थान पर पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। टीम 59 अंक के साथ छठे पायदान पर है।

## शुभमन गिल को अभी समय चाहिए, रविंद्र जडेजा बना सकते हैं कप्तानः अश्विन



**चेन्नई ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद भारतीय टेस्ट कप्तानी के लिए अपने लंबे समय के स्पिन जोड़ीदार रवींद्र जडेजा का नाम सुझाया। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर गुरुवार को यह राय जाहिर की।अश्विन ने कप्तानी के दावेदारों पर चर्चा करते हुए कहा कि कुछ स्पष्ट विकल्प हैं, लेकिन मैं रवींद्र जडेजा का नाम भी जोड़ना चाहूंगा। कप्तान या उप-कप्तान की चर्चा से पहले खिलाड़ी का प्लेइंग इलेवन में होना जरूरी है। जडेजा एक स्वाभाविक चयन हैं। उन्होंने आगे कहा कि जडेजा टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। अगर नए खिलाड़ी को दो साल तक तैयार कर कप्तान बनाया जा सकता है, तो जडेजा भी दो साल तक यह भूमिका निभा सकते हैं। उन्हें उप-कप्तान के रूप में भी आजमाया जा सकता है।36 वर्षीय जडेजा ने 80 टेस्ट में 3,370 रन (34.74 की औसत, 4 शतक, 22 अर्धशतक) और 323 विकेट लिए हैं। हालांकि, जडेजा ने भारत के लिए किसी भी प्रारूप में कप्तानी नहीं की है। उन्होंने 2022 आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी की थी, लेकिन 8 में से केवल 2 मैच जीतने के बाद बीच सीजन में एमएस धोनी को कप्तानी सौंप दी थी।

**दिल्ली कैपिटल्स को बड़ा झटका**

## आईपीएल के बाकी बचे मैच खेलने भारत नहीं आएंगे स्टार्क

**सिडनी, एजेंसी**

मिचेल स्टार्क ने आईपीएल 2025 के बाकी मैचों से अपना नाम वापस ले लिया है। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी टूर्नामेंट के बाकी मैचों के लिए दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होने के लिए भारत नहीं लौटेगा। यह दिल्ली कैपिटल्स के लिए एक बड़ा झटका है, जिन्होंने अभी तक आईपीएल 2025 प्लेऑफ के लिए जगह पक्की नहीं की है।

स्टार्क 11 मैचों में 26.14 की औसत से 14 विकेट लेकर सीजन में अब तक डीसी के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



### 24 मई को दोबारा खेला जाएगा धर्मशाला में रद्द हुआ मुकाबला

धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ डीसी का पिछला मैच बीच में ही रद्द कर दिया गया था, जो अब 24 मई को फिर से खेला जाएगा। बहरहाल, माना जा रहा है कि स्टार्क विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा बनेंगे, जहां गत चैंपियन का सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।

वहीं, इस बात की अभी भी कोई पुष्टि नहीं हुई है कि फाफ डु प्लेसिस डीसी लौटेंगे या नहीं, जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी वापसी की पुष्टि की है, लेकिन केवल बाकी लीग चरण के लिए, जिसके बाद वह डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए रवाना होंगे। डीसी ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के स्थान पर मुस्तफिजुर रहमान को भी साइन किया है, जो भारत नहीं लौट रहे हैं।

आईपीएल 2025 में मुस्तफिजुर की भागीदारी को लेकर अभी भी थोड़ी अनिश्चितता है, क्योंकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने कहा है कि क्रिकेटर ने अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए संपर्क नहीं किया है। वे अभी यूएई के खिलाफ टी20ई सीरीज खेलने के लिए शारजाह में है।


आईपीएल में अन्य ऑस्ट्रेलियाई लोगों के बारे में बात करते हुए, पैट कमिंस और ट्रैविस हेड दोनों सनराइजर्स हैदराबाद के साथ जुड़ने के लिए भारत लौट रहे हैं, जो प्लेऑफ़ की दौड़ से बाहर हैं और 25 मई को सीजन के लिए अपना अभियान समाप्त करेंगे, जिससे दोनों खिलाड़ियों को डब्ल्यूटीसी फाइनल की तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। लीग चरण में डीसी के अभी भी तीन मैच बाकी हैं, और उनका अगला मुकाबला रविवार को गुजरात टाइटन्स से होगा।

## जॉनसन का बेतुका बयान, विदेशी खिलाड़ियों को शेष मैचों से दूर रहने को कहा

**सिडनी, एजेंसी**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन का एक बेतुका बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि विदेशी खिलाड़ियों का आईपीएल के शेष मैचों के लिए लौटना बुद्धिमानी भरा फैसला नहीं है। उन्होंने विदेशी खिलाड़ियों से भारत-पाकिस्तान तनाव की वजह से उत्पन्न मौजूदा परिस्थितियों को लेकर बयान दिया और कहा कि विदेशी खिलाड़ियों को पैसों से ज्यादा अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए।

पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष और सीमा पर तनाव के कारण दुनिया की सबसे बड़ी टी20 लीग को नौ मई को निलंबित कर दिया गया था। इसके निलंबन के एक दिन बाद दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की गई। इससे शनिवार से आईपीएल के फिर से शुरू होने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, जॉनसन का मानना है कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए बाकी बचे मैचों में भाग न लेना समझदारी होगी।



उन्होंने वेस्ट ऑस्ट्रेलियन अखबार के लिए अपने कॉलम में लिखा, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने खिलाड़ियों को अपने निर्णय लेने का अधिकार दिया है, लेकिन उनके लिए विकल्पों का चयन करना मुश्किल हो सकता है। क्रिकेट में इन दिनों बहुत ज्यादा पैसे खर्च हो रहे हैं, लेकिन यह अब भी एक खेल ही है और इस सप्ताह आईपीएल के बंद होने के बाद इस बात पर काफी ध्यान गया है।

उन्होंने कहा, मुझे अगर यह फैसला करना पड़े कि भारत वापस लौटकर टूर्नामेंट खत्म करूं या नहीं, तो यह एक आसान फैसला होगा। मैं इसका जवाब नहीं में देना पसंद करूंगा। जिंदगी और सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण चीज है, पैसे नहीं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने व्यापक विचार-विमर्श करने और सरकार से आवश्यक मंजूरी प्राप्त करने के बाद लीग को फिर से शुरू करने का फैसला किया है। इसका फाइनल पहले से तय 25 मई की जगह अब तीन जून को खेला जाएगा। हालांकि, अब तक फाइनल समेत प्लेऑफ के चार मैचों का स्थान तय नहीं किया गया है।

संशोधित कार्यक्रम के मुताबिक प्लेऑफ में भाग लेने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को 11 जून से लॉर्ड्स में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए काफी कम समय मिलेगा।

किसी को वापस जाने के लिए दबाव महसूस नहीं करना चाहिए

जॉनसन ने कहा, यह एक व्यक्तिगत फैसला है। किसी को भी वापस जाने के लिए मजबूर या दबाव महसूस नहीं करना चाहिए। भले ही आईपीएल और पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) इसके लिए कड़ी मेहनत करें। दोनों टूर्नामेंटों को अभी समाप्त कर देना चाहिए या स्थानांतरित करने पर विचार करना चाहिए।

उन्होंने डब्ल्यूटीसी फाइनल का जिक्र करते हुए कहा, यह मत भूलिए कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के कुछ खिलाड़ियों को आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए तैयारी करने की जरूरत होगी। आईपीएल फाइनल अब तीन जून तक टाल दिया गया है, जो लॉर्ड्स में डब्ल्यूटीसी फाइनल शुरू होने से ठीक एक सप्ताह पहले है। टेस्ट क्रिकेट के सबसे अहम मैच में से एक के लिए खिलाड़ियों की तैयारी प्रभावित होना भी एक बड़ा मुद्दा है।

# महिला लाभार्थियों को मिली लाडली बहना योजना की 24वीं किस्त



**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को सीधी जिले में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की महिला लाभार्थियों को वर्तमान मई माह की मासिक सहायता राशि 1250 रूपए बैंक खाते में अंतरित की। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुरेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार सिंह सहित जिला आपूर्ति अधिकारी देवेन्द्र खोबरिया, जिला समन्वयक पोषण अभियान, बाल विकास परियोजना अधिकारी पन्ना शहरी, सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं लाभार्थी महिलाएं भी उपस्थित रहीं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संबोधन को देखा एवं सुना। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों एवं वार्डों में भी मुख्यमंत्री के उद्बोधन को उत्साहपूर्वक सुना गया। पन्ना जिले की एक लाख 83 हजार 288 बहनों के खातों में 22 करोड़ 43 लाख रूपए की 24वीं किस्त राशि का भुगतान किया गया। इसके अतिरिक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की 11 योजनाओं में जिले के एक लाख 2 हजार 323 हितग्राहियों को 6 करोड़ 13 लाख रूपए तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना श्रेणी की लाड़ली बहना हितग्राहियों को माह मार्च 2025 और गैर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की कुल 37 हजार 863 हितग्राहियों को माह अगस्त 2024 से फरवरी 2025 अवधि की गैस सब्सिडी की राशि का भुगतान भी किया गया।

# वन स्टॉप सेन्टर में लगाया विधिक साक्षरता शिविर



**पन्ना।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय द्वारा आज वन स्टॉप सेन्टर पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन ने हिंसा पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए संचालित विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, पॉक्सो अधिनियम संबंधी जानकारी प्रदान करने के साथ महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों से संबंधित विभिन्न विधिक प्रावधान व योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। शिविर के दौरान सखी केन्द्र में उपस्थित महिलाओं और महिला कार्यकर्ताओं को दहेज प्रतिषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम सहित अन्य विधिक प्रावधानों तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। बताया गया कि किसी भी प्रकार की विधिक समस्या या शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में असुविधा होने पर प्राधिकरण कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। शिविर में वन स्टॉप सेन्टर की प्रशासक कविता पाण्डेय द्वारा सेन्टर के माध्यम से महिलाओं के हितार्थ संचालित योजनाओं व प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की जानकारी से अवगत कराया गया।

# 18 से 45 वर्ष के युवा ले सकते हैं मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ

**पन्ना।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना स्वरोजगार स्थापित करने के लिए शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली महत्वाकांक्षी योजना है। 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियां स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करने के लिए इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसमें रिटेल ट्रेड एवं सेवा क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए 50 हजार रूपए से 25 लाख रूपए तक तथा विनिर्माण श्रेणी की इकाई स्थापना के लिए 50 हजार रूपए से 50 लाख रूपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजनांतर्गत तीन प्रतिशत प्रति वर्ष ब्याज अनुदान भी सात वर्ष के लिए तथा प्रचलित दर से गारंटी शुल्क भी शासन द्वारा देय है। न्यूनतम कक्षा 8वीं उत्तीर्ण युवा स्वयं का व्यापार, व्यवसाय, उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की इकाई प्रारंभ करने के लिए योजना में ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

योजना में ऋण के लिए आवेदन प्रक्रिया एवं विस्तृत जानकारी हेतु जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, पन्ना में संपर्क किया जा सकता है। आवेदक के पास पैन कार्ड, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण की अंकसूची, कोटेशन, जाति प्रमाण पत्र, परियोजना प्रतिवेदन, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र इत्यादि होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत व्यापार व व्यवसाय क्षेत्र में किराना, जनरल स्टोर, मोबाइल शॉप, अपेरल शॉप, फुटवियर शॉप, इलेक्ट्रॉनिक, बुटिक, दुग्ध व्यवसाय, खाद्य पदार्थ विक्रय, अनाज विक्रय, सब्जी व्यवसाय इत्यादि शामिल है। इसी तरह सेवा क्षेत्र में कस्टम हायरिंग, परिवहन सेवा, रेस्टोरेंट, आईटी सर्विसेज, कंसलटेंसी, होटल, लैब, हॉस्टल, कॉलेज, स्कूल, नर्सरी, फोटोकॉपी व कम्प्यूटर सेंटर, टेलरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, ऑटोमोबाइल रिपेयरिंग व सर्विसिंग, अपेरल डिजाईनिंग, आर्किटेक्ट सेवा, सेन्टिग कार्य, टेन्ट हाउस, ब्यूटी पार्लर, डेयरी, जूता मरम्मत, सभी प्रकार की छोटी एवं बड़ी गाड़ी इत्यादि का कार्य किया जा सकता है, जबकि विनिर्माण एवं उद्योग क्षेत्र के तहत खाद्य प्रसंस्करण, टेक्सटाइल, मसाला उद्योग, इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल उपकरण, आईटी उपकरण, कम्प्यूटर हार्डवेयर, इलेक्ट्रिकल एप्लायनसेंस, पेय पदार्थ व बेवरेज, पैकेज्ड फूड, रेडीमेड वस्त्र निर्माण की इकाई स्थापित कर सकते हैं।

## अवांछित ड्रोन फ्लाई की दें सूचना

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा गृह विभाग के निर्देशानुसार संवेदनशील स्थानों पर अवांछित ड्रोन फ्लाई की सूचना से संबंधितजनों को तत्काल अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में सिमरिया तहसील के पुरैना स्थित जे.के. सीमेन्ट लिमिटेड एवं एनएमडीसी के प्रबंधक तथा सभी नगरीय निकायों के सीएमओ को वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के आसपास कोई भी अज्ञात ड्रोन उड़ता पाए जाने पर कंट्रोल रूम व जिला एवं पुलिस प्रशासन को सूचना से अवगत कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

# डायमंड चौक का होगा सौंदर्यीकरण, कलेक्टर ने लिया जायजा



पन्ना

नगर पालिका परिषद पन्ना द्वारा नगर के डायमंड चौराहा का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर सुरेश कुमार ने आज सीएमओ शशिकपूर गढ़पाले के साथ स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया और कार्य के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने सौंदर्यीकरण कार्य के लिए अवैध अतिक्रमण हटाने तथा पुराने रेस्ट हाउस की बाउंड्रीवाल तोड़ने के संबंध में भी निर्देशित किया। नपा द्वारा 10 लाख रूपए की लागत से शीघ्र ही सौंदर्यीकरण का कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। कलेक्टर ने बायपास रोड स्थित कमला बाई तालाब के पास प्रस्तावित थोक सब्जी एवं फल मंडी स्थल का भी निरीक्षण कर अविलंब जरूरी कार्रवाई के निर्देश दिए।

# आपातकालीन स्थिति में जागरूक रहकर निभाएं अपना कर्त्तव्य

**पन्ना।** वर्तमान परिदृश्य में आम नागरिक जागरूक और सजग रहकर अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। जहां एक ओर शासन प्रशासन अपनी भूमिका निभा रहा है, वहीं दूसरी ओर आम नागरिक आपातकालीन स्थिति के संबंध में शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों का पालन करके अपनी जिम्मेदारी निभा सकते हैं।

आपातकालीन परिस्थिति के अंतर्गत सायरन के तीन प्रकार रखे गए हैं। रेड एलर्ट की सूचना दिए जाने पर संपूर्ण क्षेत्र में ब्लैकआउट के लिए जिले में स्थित सभी सायरन एक साथ लगातार 2 मिनट तक तेज कम तेज कम आवाज में बजाए जाते हैं। येलो अलर्ट दिए जाने पर जिले में स्थित कंट्रोल रूम द्वारा जिला स्तर पर कार्यवाही हेतु निर्धारित समस्त विभागों के नोडल अधिकारियों को तत्काल अलर्ट किया जाता है। ग्रीन अलर्ट दिए जाने पर 2 मिनट के लिए सायरन लगातार एक ही आवाज में बजाया जाता है।

आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए अपने घर में फर्स्ट ऐड किट, कुछ नगद, यदि परिवार में कोई बीमार व्यक्ति है तो उनसे संबंधित आवश्यक दवाएं, रेडी टू ईट फूड, पावर बैकअप जैसे पावर बैंक, पानी की व्यवस्था, इमरजेंसी लाइट अथवा टॉर्च की व्यवस्था तथा लंबे समय तक चलने वाले खाने की व्यवस्था करके रखना चाहिए। इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, सेना द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करना भी आवश्यक है। यदि आपातकाल की स्थिति बनती है तो आम नागरिकों को आश्रय स्थलों, सुरक्षित स्थानों की जानकारी होना आवश्यक है। प्रशासन, पुलिस द्वारा चयनित ऐसे स्थानों की जानकारी साझा की जाएगी। साथ ही एसएमएस अलर्ट आदि के माध्यम से सूचना का संप्रेषण किया जाएगा। वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर यह भी आवश्यक है कि आमजन मीडिया के विभिन्न माध्यमों, विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भेजी जाने वाली जानकारी को विवेकपूर्ण रूप से ही साझा करें। सोर्स ऑथेंटिकेशन के बगैर किसी भी भ्रामक, तथ्यहीन अथवा अपुष्ट जानकारी को प्रेषित न करें।

## बिजली की आंख मिचौनी से लोग परेशान

**पन्ना।** वर्तमान समय में भारी उमेश भरी गर्मी पड़ रही है जिससे हम लोग भारी परेशान हैंग्रामीण अंचलों में उमस वाली गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर आम जनता परेशान है। भीषण गर्मी के मौसम में बिजली की आंख मिचोली की समस्या जिला मुख्यालय से लेकर कस्बा नगर पंचायत क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण अंचल के लोग भी खासा परेशान व त्रस्त है । भीषण गर्मी व उमस भरे इस मौसम में नगर में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस ने सभी को परेशान करके रखा है, ऊपर से बिजली की आंख मिचौली व अघोषित कटौती इस समय आग में घी डालने का काम करती है ।

# श्रमदान कर प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का लिया संकल्प



**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में प्राचीन जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार व साफ-सफाई का कार्य जनप्रतिनिधि एवं आमजनों की सहभागिता से संचालित किया जा रहा है। इस क्रम में जनअभियान परिषद के वालेंटियर्स द्वारा आज शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बगरौड़ में लगभग 200 वर्ष पुरानी सूखी बावड़ी के पुनर्जीवन के संकल्प के साथ श्रमदान कर साफ-सफाई की गई। इस दौरान सरंपच प्रभा देवी प्रजापति ने भी स्थानीयजनों और सफाई मित्रों के साथ बाबड़ी की सफाई में सहयोग कर अन्य लोगों से भी उत्साहपूर्वक एकजुट होकर जल धरोहर के जीर्णोद्धार के लिए आगे आने का आह्वान किया। जनअभियान के ब्लॉक समन्वयक राजेश अर्गल ने बताया कि एक छोटे प्रयास से आसपास के जल स्त्रोतों की स्वच्छता व कायाकल्प संभव है। ग्रामीणजनों को भी प्रदेशव्यापी अभियान में सार्थक प्रयास कर सहभागी बनने की समझाईश दी गई। आगामी दिनों में भी विकासखण्ड अंतर्गत विभिन्न जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए निरंतर सार्थक प्रयास किया जाएगा।

# जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में लगाई ड्यूटी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने वर्तमान में अप्रत्याशित परिस्थितियों के दृष्टिगत नागरिक सुरक्षा के लिए कलेक्टेऊेट के कक्ष क्रमांक 114 में स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में तत्काल प्रभाव से अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। जिला पंचायत में पदस्थ समग्र स्वच्छता अभियान की जिला समन्वयक जयंती अहिरवार 9685176877 को नागरिक सुरक्षा के लिए गठित कंट्रोल रूम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि अवकाश दिवस सहित प्रत्येक दिन संचालित कंट्रोल रूम में तीन पालियों में दो-दो कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

कंट्रोल रूम में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिक्षा विभाग के आपरेटर शकील मोहम्मद एवं स्वास्थ्य विभाग के आपरेटर नरेन्द्र यादव, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक कृषि उपज मंडी पन्ना के सहायक ग्रेड तीन गजेन्द्र सिंह एवं भू अभिलेख कार्यालय के पटवारी साजिद मोहम्मद तथा रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक शिक्षा विभाग के आपरेटर संजय सेन एवं सहायक भू जल विद कार्यालय के संविदा आईईसी हरेन्द्र सिंह की ड्यूटी निर्धारित की गई है। सभी कर्मचारियों को कंट्रोल रूम में प्राप्त सूचनाओं को नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। नोडल अधिकारी द्वारा अपर जिला मजिस्ट्रेट को सूचना से तत्काल अवगत कराया जाएगा।

# 25 स्कूलों में सिर्फ 30 बच्चों को पढ़ा रहे 42 शिक्षक



**सतना।** जिले के 5 विकासखंडों में शिक्षा विभाग की बड़ी मनमानी सामने आई है। खासकर सोहावल और नागौद विकासखंड में। इन क्षेत्रों में शिक्षकों की लापरवाही के कारण कई सरकारी स्कूल बंद होने की कगार पर हैं। एजुकेशन पोर्टल 3.0 के आंकड़ों के मुताबिक, 25 सरकारी शालाओं में 30 बच्चों को 42 शिक्षक पढ़ा रहे हैं, जबकि 10 स्कूलों में कोई छात्र नहीं है और फिर भी 17 शिक्षक पढ़ाने जाते हैं। सोहावल और नागौद में शिक्षक एक भी छात्र नहीं होने के बावजूद स्कूलों में जाते हैं। इससे साफ है कि वे वरिष्ठ कार्यालय के आदेश का पालन नहीं कर रहे।

उचेहरा, मझगवां और रामपुर बाघेलान में स्थिति कुछ बेहतर है। शिक्षा विभाग के जानकारों का कहना है कि यदि अतिशेष की काउंसड्क्षलग सही तरीके से की जाए, तो और भी शिक्षक अतिशेष होंगे। बावजूद इसके एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर मुख्यालय द्वारा सही जानकारी नहीं भेजी जा रही। बीते माह शून्य नामांकन वाले स्कूलों को मर्ज करने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

पोर्टल के मुताबिक हनुमान सागर, हरिजन बस्ती बजरहा टोला, टेडवा बहेरा, बराह, हनुमान नगर करसरा, शाहा और हरमह्ला शाला में बच्चों की संख्या शून्य है। फिर भी यहां दो-दो शिक्षक पदस्थ हैं। हरिजन बस्ती महुआखेडा, झह्लहा और बउली टोला में शून्य बच्चों के बाद एक-एक अध्यापक बेगारी करने जाते हैं।

सोहावल विकासखंड के भटगवां शाला में 2 बच्चों को 3 अध्यापक पढ़ा रहे हैं। इसी तरह करतहा में दो बच्चे दो शिक्षक, तिघरा में दो बच्चे दो शिक्षक, मसनहा टोला में दो बच्चे दो अध्यापक, अहरी टोला में दो बच्चे दो अध्यापक, क्रिशियन कॉलोनी में दो बच्चे दो अध्यापक, कुमरान टोला में दो बच्चे दो अध्यापक, पिपरहा टोला में दो बच्चे दो अध्यापक, गरलगी में दो बच्चे दो अध्यापक, सप्ती माफी में दो बच्चे एक अध्यापक, बरकोनिया में दो बच्चे एक शिक्षक, बिरहुली में दो बच्चे एक शिक्षक, छोटी मनकहरी में दो बच्चे एक अध्यापक, मझोकर में दो बच्चे एक अध्यापक, गढ़ी टोला भरहुत में दो बच्चे पर एक अध्यापक की पदस्थापना की गई है।

अभी 31 जुलाई तक प्रवेश की तिथि है। इसके बाद यदि दाखिला नहीं होता, तो युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल की दूसरी शालाओं में संबंधित शिक्षकों को पदस्थ किया जाएगा।

# श्रमोदय आदर्श आईटीआई भोपाल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**पन्ना।** श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. भोपाल में संचालित आठ ट्रेड में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। प्रवेश प्रक्रिया कौशल विकास विभाग के डीएसडी पोर्टल पर होगी। नए सत्र के लिए आवेदक वेबसाइट पर आगामी 31 मई तक पंजीयन कर सकते हैं। संस्था में संचालित ट्रेड तकनीशियन मेकाट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रीशियन, सीएनसी मशीनिंग तकनीशियन, सिविल इंजीनियरिंग असिस्टेंट दो वर्षीय पाठ्यक्रम हैं। इसी प्रकार फैशन डिजाइन एण्ड टेक्नोलॉजी, इंटीरियर डिजाईन एण्ड डेकोरेशन, आईओटी स्मार्ट सिटी, वेल्डर एक वर्षीय पाठ्यक्रम हैं। इन व्यवसायों में वेल्डर के लिए प्रवेश योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पंजीकृत श्रमिक एवं उनके आश्रित परिवार के सदस्य श्रमोदय आदर्श आई.टी.आई. में एक वर्षीय एवं दो वर्षीय व्यवसाय में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

श्रम पदाधिकारी पन्ना संजय आर्या ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण अधिकारियों का जिले में दौरा कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। इसके लिए सोमवार, 19 मई को जनपद पंचायत पन्ना में सुबह 11 बजे एवं जनपद पंचायत अजयगढ़ में शाम 4 बजे आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उक्त दोनों जनपद पंचायत सीईओ से नि:शुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण के लिए अधिकाधिक संख्या में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों तथा आश्रित परिवारों के सदस्यों को प्रशिक्षण में उपस्थित कराने का आग्रह किया गया है। पन्ना एवं अजयगढ़ में प्रशिक्षण अधिकारी अमित कुमार द्विवेदी एवं ललित कुमार द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# प्राचीन छत्रसाल पार्क में पानी की समस्या गहराई

## पीने के लिए भी नहीं मिल रहा, पानी में लाखों रुपए हुए खर्च




पन्ना

पन्ना नगर के बीचों-बीच स्थित ऐतिहासिक प्राचीन छत्रसाल पार्क की स्थिति वर्तमान समय में बदतर हो गई है जहां पर पानी के अभाव में पूरा पार्क बीरान पड़ा हुआ है पीने के पानी के लिए लाखों रुपए की लागत से पानी की टंकी तथा वाटर कूलर विधायक निधि से लगभग 5 लाख की लागत से स्थानीय विधायक द्वारा लगवाया गया था लेकिन उक्त टंकी एवं वाटर कूलर बंद पड़ा हुआ है लोगों को पीने का पानी भी नहीं मिल रहा पानी की टंकी तथा वाटर कूलर भी बंद पड़े हुए जबकि छत्रसाल पार्क नगर का गौरव है जिसका लोकार्पण 1952 में तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के द्वारा किया गया था पूर्व में राजा शाही के समय से पार्क की सिंचाई करने के लिए धर्म सागर से नहर निकली थी लेकिन वह नहर कुछ वर्ष पूर्व बंद हो गई पार्क में आधा दर्जन से अधिक बोर कराए गए लेकिन उक्त बोर पर्याप्त पानी नहीं दे पा रहे हैं बाहर से आने वाले पर्यटकों को भी शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो रहा है छत्रसाल पार्क में 26 कर्मचारी भर्ती किए गए हैं लेकिन पार्क में सिर्फ आधा दर्जन कर्मचारियों को छोड़कर शेष कर्मचारि अधिकारी एवं नेताओं के घरों में काम कर रहे हैं स्थानीय नगर के लोगों ने छत्रसाल पार्क की व्यवस्था सुधारे जाने की मांग की है।

# 3 महीने का राशन एक साथ मिलेगा, विभाग ने लिया फैसला



सतना

आने वाले बारिश के मौसम और संभावित बाढ़ के मद्देनजर तीन महीने के राशन का उठाव व वितरण एक साथ किया जाएगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने यह व्यवस्था इसलिए की है कि वर्षा ऋतु में प्राकृतिक आपदाओं के कारण गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राशन की कमी का सामना न करना पड़े। अभी एक साथ तीन महीने का राशन उपलब्ध होने से राशन दुकानों तक राशन पहुंचाने में समस्या नहीं रहेगी। उधर खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की वीडियो कॉन्फ्रेसिंग में नान के प्रबंध संचालक अनुराग वर्मा ने सतना-मैहर में गेहूं का परिवहन नहीं हो पाने को लेकर अधिकारियों की खिंचाई की और उन्हें एक सप्ताह में शत-प्रतिशत परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मई महीने का खाद्यान्न वितरण हर हालत में 20 मई तक पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। वीसी में डीएसओ सम्यक जैन, वेयरहाऊसिंग प्रबंधक आर के शुक्ला, जेएसओ भागवत द्विवेदी, ब्रजेश पाण्डेय, विवेक सिंह, मैहर डीएम नान बी एम गुप्ता व विजय सिंह मौजूद थे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 17 मई 2025




नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा 16 मई को निगम सभागार में राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व वसूली एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष की डिमांड की जानकारी ली गई।



## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर आयोजन संपन्न

**रीवा।** डेंगू बीमारी की रोकथाम एवं बचाव हेतु सामुदायिक सहभागिता बढाने तथा जनजागरूकता के उद्देश्य से जिले के समस्त विकासखण्डों में राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया गया। जिला चिकित्सालय सभागार में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला की अध्यक्षता में डेंगू जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर डेंगू बीमारी के लक्षण बचाव के तरीके, बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की लार्वा की पहचान तथा विनिष्टिकरण के तरीको की जानकारी विस्तार से दी गई। इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने जिले में डेंगू की स्थिति, डेंगू जॉच केन्द्रों की जानकारी के साथ ही डेंगू प्रसार को रोकने हेतु किये जा रहे विभागीय प्रयासों की जानकारी दी। एम्बेड प्रोजेक्ट की रिजनल कोआर्डिनेटर श्रीमती कंचन सिंह द्वारा प्रशिक्षण मॉडूल के पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण के साथ ही कार्यसह्योग पर चर्चा की गई। उल्लेखनीय है कि रीवा एवं मऊगंज जिले में गत वर्ष डेंगू की 6280 जॉचे हुई जिसमें 419 पॉजिटिव पाये गये। वर्ष 2025 में 2053 जॉचे हुई जिसमें अब तक 18 पाजिटिव मरीज पाये गये। इसी तरह रीवा शहरी क्षेत्र के अर्वन पी.एच.सी., संजीवनी क्लीनिक जिले के सभी ब्लाकों में भी डेंगू से बचाव हेतु समस्त मलेरिया निरीक्षक, सी.एच.ओ., ए.एन.एम., आशा, सेक्टर सुपरवाईजर द्वारा अपने अपने क्षेत्र में डेंगू की रोकथाम हेतु डेंगू बीमारी के लक्षण, मच्छरों की उत्पत्ति स्थल, मच्छरों की पैदाइस रोकने के उपायो के बारे सभी एच.डब्ल्यू.सी. में बैठक लेकर लोगो को जानकारी दी गई। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस में विशेष अभियान चलाकर अपने अपने गाँवो में लार्वा सर्वे, लार्वा विनिष्टीकरण एवं नारे लेखन कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिला स्तरीय डेंगू जागरूकता कार्यशाला में दिवाकर प्रसाद मिश्रा, शिखा द्विवेदी, आशीष तिवारी, अखिलेश तिवारी, राजेश त्रिपाठी सहित कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में रीवा शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओ के साथ ही एम्बेड प्रोजेक्ट के वालेन्टियर्स उपस्थित रहें।

### सावधानी ही डेंगू से बचने का सबसे अच्छा उपाय

**रीवा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के मार्गदर्शन तथा गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट के सहयोग से फैमिली हेल्थ इंडिया एवं जिला स्वास्थ समिति रीवा के संयुक्त तत्वावधान में क्रियान्वित एंबेड परियोजना के तहत डेंगू दिवस के अंतर्गत जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिला समन्वयक एंबेड परियोजना कंचन सिंह द्वारा डेंगू से बचाव हेतु जानकारी देते हुए बताया की डेंगू पर रोकथाम और नियंत्रण के लिए मच्छर को पनपने से रोक कर हम इस बीमारी से खुद के साथ घर-परिवार को सुरक्षित बना सकते हैं। मानसून में बारिश शुरू होने के साथ डेंगू संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। वर्षा के ठहरे हुए पानी में डेंगू के मच्छर पनपते है,जिसकी वजह से यह बीमारी तेजी से फैलती है । इसलिए जरुरी ही की निवास स्थानों के आसपास कही भी पानी जमा न होने दे , फुल कपड़े पहने ,मच्छर रोधी साधनों का प्रयोग करें।आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष में ज़िला चिकित्सालय मीटिंग हाल में आशा कार्यकताओं को डेंगू उन्मूलन हेतु किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा की गई।

## मऊगंज जिले में समर्थन मूल्य पर 9565.5 टन हुई गेंहू की खरीद

रीवा

मऊगंज जिले में किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया गया। जिले में 2169 किसानों से 9565.5 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि उपार्जित गेंहू में से 7875.9 टन गेंहू का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। अब तक किसानों को 23 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। शेष किसानों को तीन दिन में लंबित राशि का भुगतान किया जा रहा है। खरीदी केन्द्रों से उपार्जित गेंहू का लगातार परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा रहा है।

बसामन मामा गौवंश वन्य विहार एवं गौधाम हिनौती में

## निर्माणाधीन कार्यों व संचालन व्यवस्था की कलेक्टर ने समीक्षा की

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बसामन मामा गौवंश वन्य बिहार एवं गौधाम हिनौती के संचालन संधारण व्यवस्थाओं तथा निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि बसामन मामा गौवन्य बिहार में बाउंड्रीबाल निर्माण, मृत पशुओं के निष्पादन की इकाई लगाने के कार्य शीघ्रता से करायें। उन्होंने कहा कि गत दिनों उप मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने हिनौती गौधाम में शेड निर्माण, प्रशासनिक भवन निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों की



अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को गति देकर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सिरमौर राजेश सिन्हा, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. राजेश मिश्रा डॉ. संजय सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में समर्थन मूल्य पर 102955 टन हुई गेंहू की खरीद

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेंहू का उपार्जन किया गया। जिले में 17716 किसानों से 102955 मीट्रिक टन गेंहू का उपार्जन किया गया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी कमलेश तांडेकर ने बताया कि उपार्जित गेंहू में से 95042.58 टन गेंहू का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है। अब तक किसानों को 249 करोड़ 67 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है।

## स्कूल बस एवं यात्री सुरक्षा पर परिवहन विभाग सक्रिय

### बिना परमिट और सुरक्षा उपायों के संचालित बसों पर की सख्त कार्रवाई

**रीवा।** यात्रियों की सुरक्षा एवं सुगम यात्रा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रीवा परिवहन विभाग द्वारा रीवा-सिरमौर मार्ग पर सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत यात्री बसों के परमिट, बीमा तथा सुरक्षा मानकों की गहनता से जाँच की गई।

जाँच के दौरान एक यात्री बस बिना वैध परमिट के संचालित पाई गई, जिसके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की गई। साथ ही, छह अन्य बसों पर सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। जांच में विशेष रूप से फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार, सर्च लाइट, इंडिकेटर, स्पीड गवर्नर आदि की उपस्थिति को परखा गया।

इसी क्रम में, परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा स्कूलों में जाकर स्कूली बसों की भी जांच की गई। दो स्कूलों की दो बसों के पास कोई दस्तावेज नहीं पाए गए, जिन पर जप्ती की कार्रवाई करते हुए स्कूल प्रबंधन को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में बिना पूर्ण दस्तावेज संचालन पाए जाने पर उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाएगा। इस जाँच अभियान के अंतर्गत कुल 36,500/- की चालानी राशि वसूल की गई। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और यात्री सुरक्षा में कोई भी कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कलेक्टर ने बीएलओ को किया निलंबित

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र मतदान केन्द्र क्रमांक 238 क्योटी के बीएलओ, सहायक शिक्षक रामाधार मिश्र को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। मतदाता सूची में संशोधन के कार्य में फार्म 8 में मकान नम्बर संशोधन के लिए मिथ्या अनुशंसा करने पर एसडीएम सिरमौर के प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन की कार्यवाही की गई है।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत राज संस्थाओं के उप चुनाव के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। इसमें एक जनवरी 2025 की अर्हता तिथि को आधार मानकर नए मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 23 मई से 26 मई के मध्य अधिकारियों को प्रशिक्षण देने तथा शिफ्टिंग सूची के सत्यापन का कार्य करेंगे। मतदाता सूची बनाने वाले वेण्डर 30 मई को शिफ्टिंग, जाँच और संशोधन के लिए चेकलिस्ट रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्रदान करेंगे। मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 5 जून को किया जाएगा। इस संबंध में मतदाताओं तथा जनप्रतिनिधियों को जानकारी देने के लिए 5 और 6 जून को स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की जाएंगी। मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 5 से 11 जून तक प्राप्त की जाएंगी। दावे आपत्तियों का निराकरण 17 जून तक किया जाएगा। इसकी चेकलिस्ट 20 जून तक तैयार करके चेकलिस्ट में सुधार के बाद 21 जून को वेण्डर को उपलब्ध करा दिया जाएगा। फोटोयुक्त मतदाता सूची 23 जून तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं वेण्डर द्वारा जनरेट की जाएगी। इसे 23 जून को ही वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 25 जून को ग्राम पंचायत तथा अन्य निर्धारित सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन करेंगे। इसी दिन से मतदाता सूची की फोटो रहित सीडी विक्रय के लिए उपलब्ध हो जाएगी।

## महिला एवं बाल विकास विभाग में वाहनों की आवश्यकता


**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत आईसीडीएस खेल एवं बाल विकास परियोजनाओं में किराये के वाहनों की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति 9 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास से प्राप्त कर सकते हैं।

## नरवाई न जलाने तथा इससे जैविक खाद बनाने की सलाह

**रीवा।** कृषि विभाग द्वारा जिले के किसानों को गेंहू तथा अन्य फसलों को काटने के बाद बचे हुए अवशेष (नरवाई) नहीं जलाने की सलाह दी गई है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने कहा है कि नरवाई जलाने से एक ओर जहां खेतों में अग्नि दुर्घटना की आशंका रहती है। वहीं मिट्टी की उर्वरकता पर भी विपरीत असर पाता है।

## कलेक्टर को भेंट किया गया सेना के पराक्रम से जुड़े डाक टिकट का सेट

**रीवा।** भारतीय डाक विभाग की ओर से भारतीय सेना के पराक्रम से जुड़े कई डाक टिकट जारी किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल को कलेक्टर कार्यालय में डाक टिकटों का सेट तथा पवित्र गंगाजल भेंट किया गया। इस संबंध में अधीक्षक मुख्य डाकघर ने बताया कि डाक विभाग द्वारा भारतीय सेना के पराक्रम से जुड़े विभिन्न मूल्य वर्गों के डाक



टिकट समय-समय पर जारी किए गए हैं। इसके साथ-साथ महत्वपूर्ण योजनाओं से जुड़े डाक टिकट भी जारी किए गए हैं। आमजनता डाकतार विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकती है। डाक विभाग द्वारा जीवन बीमा, सुकन्या समृद्धि योजना तथा ग्राम सुरक्षा ग्राम सुमंगल योजना लागू की गई है। बच्चों के लिए भी कई आकर्षक बचत योजनाएं डाक विभाग में उपलब्ध हैं। डाक विभाग द्वारा बैंकिंग का भी सफलतापूर्वक कार्य किया जा रहा है।

## बाल सम्प्रेक्षण गृह में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश मोहन प्रधान के मार्गदर्शन एवं श्री समीर कुमार मिश्रा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में बाल सम्प्रेक्षण गृह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की मुख्य अतिथि श्रीमती अंजली पारे जिला न्यायाधीश ने पाक्सो अधिनियम, एवं अन्य में विधियों के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि देश और समाज की प्रगति के लिये बालकों का समग्र विकास आवश्यक है।

## युवा संगम कार्यक्रम 26 मई को आयोजित

**रीवा।** जिले के शासकीय आईटीआई रीवा में 26 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में ट्रायडेन्ट कंपनी बुधनी, सीहोर, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नासिक महाराष्ट्र, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा तथा कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा. लि. (सीएससी) इंदौर में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में पीएचई कर रहा नलजल योजनाओं में सुधार



**रीवा।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीएचई विभाग द्वारा नलजल योजनाओं के सुधार का अभियान चलाया जा रहा है। नलजल योजनाओं की पाइपलाइन की जांच कर उनके लीकेज दूर किए जा रहे हैं। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री संजय पाण्डेय ने बताया कि पीएचई विभाग के इंजीनियर, ग्राम पंचायत के सचिव तथा अन्य कर्मचारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार भ्रमण कर रहे हैं। विभागीय अमले तथा संविदाकारों की मदद से नलजल योजनाओं के लीकेज को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है। गत दिवस ग्राम लक्ष्मणपुर की नलजल योजना का निरीक्षण किया गया। संविदाकार द्वारा नजलल योजना में सुधार कार्य किया जा रहा है। इस दो दिवस में चालू कर दिया जाएगा। भानपुर नलजल योजना से पानी की आपूर्ति के लिए संविदाकार को डायरेक्ट पंपिंग करके पानी की आपूर्ति के निर्देश दिए गए। गत दिवस ग्राम रौसर में नलजल योजना का निरीक्षण करके ऊषा शर्मा के घर के पास पाइपलाइन के लीकेज में सुधार कराया गया। इसी तरह ग्राम सिलपरी, जवा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत बरहुला, रीवा विकासखण्ड की करहिया ग्राम पंचायत के नलजल योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इनमें विभागीय अमले से पाइपलाइन में सुधार कराकर पानी की आपूर्ति शुरू कराई गई।


## मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर तैनात

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पंचायत राज संस्थाओं की मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जा रहा है। इसके लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार समस्त कार्यवाहियाँ की जा रही हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए तैनात कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के लिए श्री देवशीष बनर्जी प्राध्यापक एवं डॉ केएन शर्मा प्राध्यापक को तैनात किया गया है। विकासखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण देने के लिए श्री सुभाषचन्द्र त्रिपाठी व्याख्याता उमावि गंगेव विकासखण्ड तथा डॉ मनीष प्रताप सिंह सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय त्योंथर को त्योंथर विकासखण्ड में प्रशिक्षण के लिए तैनात किया गया है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य

रीवा

रीवा और मऊगंज जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद पंचायत गंगेव में सहायक यंत्री ने ग्राम पंचायत पढ़ुआ में लेआउट देकर अमृत सरोवर का निर्माण शुरू कराया। जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत पटेहरा में किसान रविशंकर शुक्ला द्वारा 1.48 लाख रुपए की लागत खेत



तालाब का निर्माण कराया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद मऊगंज द्वारा जन अभियान परिषद के सहयोग से निहाई नदी में साफ-सफाई एवं गहरी करण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ मऊगंज नगर परिषद द्वारा आमजनता के सहयोग से मऊ तालाब में साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत सरई सेंगर में उपयंत्री अंकिता मिश्रा द्वारा खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। मऊगंज जिले की जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत बहेरा ननकार में भी तीन खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इसी गांव में ट्यूबवेल और कुएं में रिचार्जपिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। जनपद पंचायत त्योंथर की ग्राम पंचायत कोनीखुर्द में तीन ट्यूबवेल में रिचार्ज पिट का निर्माण पूरा हो गया है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत उमरी में महिला स्वसहायता समूहों के सदस्यों ने रैली निकालकर जल संरक्षण के संदेश दिए।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833